संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 104 शुक्रवार 14 फरवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### 150 करोड़ में बनकर तैयार हुआ आरएसएस का नया हेडक्वॉर्टर



» बीजेपी दफ्तर से भी भव्य है केशव कुंज

» दान में मिली रकम से हुआ तैयार

**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025(ए)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बुधवार को दिल्ली में अपने नए कार्यालय परिसर केशव कुंज का उद्घाटन किया। यह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। यह करीब 5 लाख वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसमें टावर, ऑडिटोरियम, एक पुस्तकालय, एक अस्पताल और एक हनुमान मंदिर शामिल हैं। इस भवन का निर्माण सार्वजनिक दान से 150 करोड़ की लागत से हुआ है।

### अडानी ग्रूप दुनिया का सबसे बड़ा फिनिशिंग स्कूल स्थापित करेगा



**हर साल 25,000 युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण**

**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025(ए)।** अडानी समूह ने तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। सिंगापुर की अग्रणी तकनीकी प्रशिक्षण संस्था आईटीईएस के साथ साझेदारी कर, अडानी ग्रूप मुद्रा में दुनिया का सबसे बड़ा फिनिशिंग स्कूल स्थापित करेगा।यह अत्याधुनिक संस्थान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा संचालित होगा और इमर्सिव लर्निंग तकनीकों के साथ आधुनिक इनोवेशन केंद्रों को जोड़कर सालाना 25,000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। इस पहल से 'मेक इन इंडिया' अभियान को नई गति मिलेगी और उद्योगों को कुशल कार्यबल उपलब्ध कराया जाएगा।

### दलाई लामा को जेड कैटेगरी की सुरक्षा दी गई



**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025(ए)।** गृह मंत्रालय ने बौद्ध धर्म के सर्वोच्च आध्यात्मिक प्रमुख दलाई लामा को" श्रेणी की सुरक्षा दी है. सूत्रों के मुताबिक आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के आधार पर उन्हें ये सुरक्षा दी गई है। इस बढ़ी हुई सुरक्षा व्यवस्था के तहत 89 वर्षीय आध्यात्मिक गुरु को कुल 33 सुरक्षाकर्मी मिलेंगे, जिनमें उनके आवास पर तैनात सशस्त्र स्टैटिक गार्ड, चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रदान करने वाले निजी सुरक्षा अधिकारी और शिफ्ट में सशस्त्र अनुरक्षण करने वाले कमांडो शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित ड्राइवर और निगरानी कर्मी हर समय ड्यूटी पर रहेंगे।

### कार डंपर की टक्कर में तीन की मौत,एक घायल



**नर्मदापुरम/इटारसी,13 फरवरी 2025(ए)।** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे इटारसी के चार दोस्तों के साथ बीती रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। नेशनल हाईवे 69 पर पवारखेड़ा के पास उनकी कार एक डंपर से टकरा गई, जिसमें तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।

# हंगामे के साथ बजट सत्र का पहला चरण सम्पन्न

**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025(ए)।**

लोकसभा में बजट सत्र के पहले चरण की कार्यवाही समाप्त हो गई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही की उत्पादकता को लेकर संतोष व्यक्त किया और बताया कि इस दौरान सदन की कार्यक्षमता 112 प्रतिशत रही। अब लोकसभा की अगली बैठक 10 मार्च को होगी।

### विपक्ष के हंगामे के बीच चली सदन की कार्यवाही

अदाणी समूह से संबंधित एक खबर को लेकर कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के कारण बृहस्पतिवार को सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे शुरू हुई। कार्यवाही शुरू होने पर सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश की गई और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया।



### सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा

हंगामा नहीं थमने पर बिरला ने सदन की कार्यवाही पूर्वाह्न करीब 11 बजकर पांच मिनट पर अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विपक्षी सदस्यों ने जिस खबर को लेकर हंगामा किया, उसमें दावा किया गया है कि सरकार ने गुजरात में अदाणी समूह के नवीकरणीय ऊर्जा पार्क के लिए मार्ग प्रशस्त करने के मकसद से पाकिस्तान सीमा पर राष्ट्रीय सुरक्षा प्रोटोकॉल में ढील दी है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार ने इस कारोबारी समूह को फायदा पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है। अदाणी समूह की ओर से इस आरोप पर फिलहाल प्रतिक्रिया नहीं आई है। बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण से हुई और अगले दिन एक फरवरी को आम बजट पेश किया गया। सीतारमण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट और बतौर वित्त मंत्री लगातार अपना आठवां बजट पेश किया। सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा और इसके 4 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। बजट सत्र में कुल 27 बैठकें प्रस्तावित हैं।

### बजट पर चर्चा और विपक्ष का वाकआउट

वक्फ विधेयक संबंधी समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट पेश की और इस पर विरोध दर्ज कराते हुए विपक्ष के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बजट सत्र के पहले चरण की कार्यवाही संपन्न होने की घोषणा की। बिरला ने कहा, ''बजट सत्र के प्रथम चरण का आखिरी दिन है। मुझे खुशी है कि अच्छे वातावरण में चर्चा हुई। सदस्यों का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में लगभग 17 घंटे 23 मिनट चर्चा हुई जिसमें 173 सदस्यों ने भाग लिया। बिरला ने बताया कि केंद्रीय बजट पर सामान्य चर्चा 16 घंटे 13 मिनट चली, जिसमें 170 सदस्यों ने सहभागिता निभाई। उन्होंने कहा, ''आशा है कि आगे भी इसी तरह से सदस्यों का सहयोग मिलता रहेगा। बिरला ने कार्यवाही आगामी 10 मार्च को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।सुबह सदन की बैठक शुरू हुई तो कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अदाणी समूह से संबंधित एक खबर को लेकर हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही आरंभ होने के लगभग पांच मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। नारेबाजी के बीच ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया और जलशक्ति मंत्रालय से संबंधित कुछ पूरक प्रश्न पूछे गए। बिरला ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद करने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, ''आप प्रश्नकाल के दौरान नियोजित तरीके से गतिरोध करते हैं, यह अच्छी परंपरा नहीं है। आप (कांग्रेस) ने इतने साल शासन किया हैज.आप सदन में व्यवधान पैदा करना करते हैं। बिरला का कहना था, ''मैंने कहा है कि दोपहर 12 बजे विषय को रखने देंगे, लेकिन आप चर्चा नहीं चाहते। आप महत्वपूर्ण विषयों को सदन में नहीं लाना चाहते हैं।÷ उन्होंने कहा, ''प्रश्नकाल में सरकार की जवाबदेही तय होती है। यह सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। आप सदस्यों का अधिकार छीनना चाहते हैं।



# गुमनाम लिफाफे को लेकर सुप्रीम कोर्ट हैरान

» किसने दाखिल किया, यह अब भी है रहस्य

» कोर्ट ने सीलबंद लिफाफे को लेकर दिया ये आदेश




**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नान घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय बनाम अनिल टुटेजा व अन्य के मामले में आरोपियों की जमानत रद्द करने की ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पीठ के समक्ष सीलबंद लिफाफे में गुमनाम रूप से दाखिल कुछ 'गोपनीय नोटों' पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने रजिस्ट्रार (न्यायिक) को दोनों पक्षकारों के वकीलों के साथ इसका निरीक्षण करने का निर्देश दिया। स्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 2020 में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा सहित कुछ आरोपियों को दी गई अग्रिम जमानत को चुनौती दी गई। आरोपियों पर नागरिक पूर्ति निगम (नान) के अधिकारियों द्वारा घटिया चावल की खरीद के लिए अवैध रूप से धन एकत्र करने में कथित संलिप्तता के लिए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप काफी अवैध कमाई हुई और व्यवस्थित रूप से जिलेवार संग्रह हुआ।

### गोपनीय नोट पर जस्टिस ने की ये टिप्पणी

जस्टिस ओक ने कहा कि सीलबंद लिफाफे में कई दस्तावेज और एक 'गोपनीय नोट' प्राप्त हुआ, जिसमें विभिन्न रिकॉर्ड शामिल हैं। उन्होंने कहा दस्तावेजों का पहला पृष्ठ देखें- हमें नहीं पता (किसने भेजा)। किसी को इस रहस्य को सुलझाना होगा। यह निश्चित रूप से हमारे द्वारा दाखिल नहीं किया गया।टुटेजा की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने भी स्पष्ट किया कि उनकी ओर से ऐसा कुछ भी दाखिल नहीं किया गया।गुमनाम रूप से दाखिल किए गए दस्तावेजों में 19 सितंबर, 2022 का पिछला आदेश भी शामिल था, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य को वर्तमान मामले से संबंधित दस्तावेजों को सीलबंद लिफाफे में रखने और जजों के आवासीय अधिकारियों को प्रसारित करने की अनुमति दी गई।

### तीस्ता नदी पर बना सकलांग बेली ब्रिज ढहा



**सिलीगुड़ी,13 फरवरी 2025(ए)।** सिक्किम के सांगकालांग में तीस्ता नदी पर बना सस्पेंशन बेली ब्रिज, जो द्ज़ोंगू को जोड़ता है, बनने के एक साल के भीतर ही ढह गया। इस पुल के ढहने से द्ज़ोंगू, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग जैसे शहरों के बीच संपर्क टूट गया है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए भारी परेशानी पैदा हो गई है।

# मणिपुर में हुआ राष्ट्रपति शासन लागू

**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025 (ए)।** मणिपुर में चल रही राजनीतिक सरगर्मी के बीच राष्ट्रपति शासन लागू किया गया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी 2025 को इस्तीफा दिया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। इस्तीफा उन्होंने राज्य में चली आ रही जातीय हिंसा के करीब दो साल बाद दिया था। इस मामले के साथ ही अन्य मुद्दों को लेकर राज्य में उनकी आलोचना हो रही थी. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद से चर्चा थी कि राष्ट्रपति शासन लागू हो सकता है। बता दें कि संविधान के मुताबिक किसी भी राज्य की विधानसभा की दो बैठकों के बीच 6 महीने से ज्यादा का अंतर नहीं होना चाहिए। हालांकि, मणिपुर विधानसभा के मामले को देखा जाए तो ये समय सीमा बुधवार को खत्म हो गई. इसके साथ ही राज्य में किसी भी पार्टी या गठबंधन ने सरकार बनाने का दावा पेश नहीं किया. ऐसे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।



### आप विधायक अमानतुल्लाह खान को राहत

**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025 (ए)।** आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को आज राउज एवेन्यू कोर्ट ने राहत देते हुए?उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।? अदालत ने अमानतुल्लाह को पुलिस की जांच में शामिल होने को कहा है।?सुनवाई के दौरान अमानतुल्लाह खान के वकील ने कहा कि वो जांच में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दावा किया कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे हैं। इस पर कोर्ट ने कहा कि अमानतुल्लाह खान से जामिया नगर थाने में पूछताछ हो, ऐसी जगह हो जहां सीसीटीवी लगे हों।



### हाई कोर्ट में कविता तक नहीं सुना सके प्रिंसिपल




**इलाहाबाद,13 फरवरी 2025(ए)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान हितकारी किसान इंटर कॉलेज सकौती टांडा के कार्यवाहक प्रधानाचार्य और प्रबंधक को तलब किया गया। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने प्रधानाचार्य से कविता सुनाने को कहा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। जब उनसे हिंदी दिवस की तारीख पूछी गई, तो इसका भी जवाब नहीं दे पाए। इस स्थिति को देखते हुए अदालत ने प्रधानाचार्य की योग्यता पर सवाल खड़े कर दिए।

### हाईकोर्ट ने महिला को कहा रखैल तो सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार



**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्टके उस आदेश पर आपत्ति जताई, जिसमें एक महिला को अवैध पत्नी और वफादार रखैल कहा गया था। अदालत ने कहा कि यह उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है और इसे महिला विरोधी टिप्पणी बताया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने 2003 में दिया गया एक फैसला पढ़ते समय जस्टिस एएस ओक,जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने आपत्ति व्यक्त की और कहा, दुर्भाग्यवश,मुंबई उच्च न्यायालय ने अवैध पत्नी शब्द का इस्तेमाल करने की कोशिश की। हैरानी की बात यह है कि उच्च न्यायालय ने 24 वें पैराग्राफ में ऐसी पत्नी को वफादार रखैल बताया है।



# विवाह समारोह आ गया तेंदुआ

» सहेलियों संग दुल्हन भागी, दूल्हा खिड़की से कूदा

» शादी में घुसे तेंदुए से बारातियों ने ऐसे बचाई अपनी जान



**लखनऊ,13 फरवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई. शहर के एक शादी के हॉल में तेंदुआ घुस गया। जंगली जानवर की दहशत से विवाह समारोह में अफरातफरी मच गई। आलम ये हो गया कि सजी-धजी दुल्हन भारी भरकम लहंगे को उठाकर सहेलियों संग भागी,तो दूल्हा मैरिज हॉल की खिड़की से कूद गया। शादी में घुसे तेंदुए से घराती और बारातियों ने जैसे-तैसे अपनी जान बचाई। जंगली जानवर ने रेस्क्यू करने पहुंचे एक वन अधिकारी को भी घायल कर दिया। रातभर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गुरुवार सुबह 4 बजे तेंदुए को पकड़ लिया गया।

# एलओसी पर पाकिस्तान ने किया सीजफायर का उल्लंघन

### भारतीय सेना ने दिया जवाब,कई पाक सैनिकों के मारे जाने की खबर

**जम्मू ,13 फरवरी 2025(ए)।** पाकिस्तान एलओसी पर अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एलओसी पर उसने सीजफायर का उल्लंघन करते हुए गोलीबारी की। गोलीबारी का भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसमें काफी संख्या में पाकिस्तानी सैनिक हताहत हुए। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान की तरफ हुए नुकसान की जानकारी तत्काल नहीं मिल पाई है, लेकिन अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तानी सेना को काफी नुक्सान हुआ है। भारतीय सेना ने इस जानकारी की न तो पुष्टि की और न ही खंडन किया।

### हम लोगों के रहते भाजपा की बिहार में नहीं बनेगी सरकार : लालू यादव



**पटना,13 फरवरी 2025(ए)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत के बाद भाजपा और एनडीए के नेता उत्साहित हैं। इसे लेकर एनडीए के नेताओं का कहना है कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। इस बीच, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को यहां कहा कि हम लोग के रहते बिहार में भाजपा सरकार नहीं बना सकेगी।

# संपादकीय

## रहस्यमय बीमारी से मौतें

दिल्ली एम्स के विशेषज्ञों के दल ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमय बीमारी की चपेट में आए 11 मरीजों से मुलाकात की। वे बधाल गांव भी गए, जहां इस बीमारी के कारण मौतें हुई हैं तथा उस इलाके का दौरा कर सील किए गए घरों व आस-पास के इलाकों का नमूने एकत्र किए, जिनकी जांच की जाएगी। विशेषज्ञों के दल ने उन मरीजों की भी जांच की जो निगरानी में हैं। जैसा कि बधाल गांव में तीन परिवारों के सत्रह लोगों की अज्ञात कारणों से अचानक हुई मौत को लेकर यह मामला सामने आते ही 87 परिवारों के 364 व्यक्तियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। शेष 808 परिवारों के 3700 लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गांव को चौदह समूहों में विभाजित किया। मृतकों के नमूनों में न्यूरोटॉक्सिन पाए जाने के एसआईटी का गठन किया गया था।जो आपराधिक पहलू की भी जांच कर रहा है। लखनऊ की विष विज्ञान प्रयोगशाला में हुई शुरुआती जांच में मौत के कारणों में कोई संक्रमण, वायरस या बैक्टीरिया नहीं है। बल्कि कोई विषाक्त पदार्थ बताया गया। भर्ती मरीजों के इलाज के लिए भी विषरोधी औषधियों का ही प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि बीते दस दिनों से कोई नया मामला न आने पर राहत की सांस ली जा रही है। कोविड-19 संक्रमण की दहशत के कारण अचानक हुई इन मौतों को लेकर आमजन का भयभीत होना लाजमी है।उस पर भी मरने वालों को बुखार, गले में दर्द, उल्टी या डायरिया जैसी दिक्कतें होने के चलते सभी दहशत से भर गए। चिकित्सकों द्वारा यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि यह कोई संक्रमण नहीं है, न ही यह महामारी में तब्दील होने की आशंका है। उनका अनुमान था कि यह वायरल, बैक्टीरिया, प्रोटोजोल या जूनोटिक संक्रमण हो सकता है या नर्वस सिस्टम को प्रभावित करने वाली किसी चीज की भी आशंका व्यक्त की गई है। मगर इलाके के इर्द-गिर्द व प्रशासन ने फौरी तौर पर एहतियातन चुस्ती से काम लिया। उन्हें खाने-पीने की चीजें मुहैया कराई और सार्वजनिक तौर पर मिलने-जुलने पर भी रोक लगाई। अपने यहां अफवाह के कारण भय फैलाने वाली मानसिकता भी है। दूसरे, पड़ोसी मुल्क द्वारा शरारत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तेजी से हालात को संभालने का प्रयास जारी है, वह जल्द ही हकीकत से पर्दा उठाने में सफल हो सकता है।


# वास्तविकता क्या है वैलेंटाइन डे मनाने का



प्रोफेसर शाम लाल कौशल
रोहतक-124001( हरियाणा)

हम सब मनुष्य लोग प्रेम का परिणाम हैं। प्रेम किसी को भी, किसी समय, किसी से हो सकता है। प्रेम जाति,धर्म, भाषा, क्षेत्र, उम्र आदि बातों को नहीं मानता। प्रेम केवल शारीरिक आकर्षण नहीं है बल्कि प्रेम अंतरात्मा की आवाज है। युगो युगांत्रों से हम प्रेम कहानियाँ सुनते आए हैं। भारत में प्रेम के इजहार के लिए मधुमास दिवस, प्यार दिवस, बसंत उत्सव आदि मनाए जाते हैं। प्रेम कोई आज की बात नहीं है। राधा और कृष्ण के किस्से हम सब लोग जानते हैं। लैला मजनू, शीरी फरहाद, हीर रांझा आदि के किस्से लगभग सभी नौजवान तथा नवयुवतियां जानती हैं। हमारी फिल्म तथा टीवी चैनलों में ऐसे लगता है जैसे कि प्रेम मोहब्बत ही मुख्य मुद्दा हो। पहले पहले प्रेम करना लड़कियों की दृष्टि से एक बंदिश होती थी। अगर मां बाप को पता चल जाता कि उनकी लड़की किसी से प्रेम करती है तो उसका घर से निकलना बंद कर दिया जाता था। लेकिन फिर भी अगर किसी लड़के या लड़की का आपस में प्रेम होता था तो उसमें मर्यादा तथा लुकाछिपी की बात जरूर होती थी। कई बार तो किसी लड़की का किसी लड़के से प्यार होने का राज खुलता था तो उसकी शादी में बहुत रुकावट आ जाती है। प्रेमी तथा प्रेमिका आंखों आंखों में एक दूसरे से प्यार करते थे, कभी कभार एक दूसरे को कोई रुमाल, फूल या पत्ते दे दिया करते थे जिन्हें कि वह अपनी किताबों या कापियों में संभाल कर रखते थे। आजकल भी कुछ मामले ऐसे मामले देखने को मिलते हैं जिसमें प्रेम करने वाले युवा प्रेमियों को समाज जान से मार देता है या फिर किसी वृक्ष पर फांसी पर लटका देता है। कई बार तो युवा प्रेमी जब कोर्ट मैरिज कर लेते हैं तो समाज उनका तथा उनकी मां-बाप का बहिष्कार कर देता है दूसरे शब्दों में हुका पानी बंद कर देता है। यह सारी बातें पारंपरिक प्यार मोहब्बत की है

लेकिन अब जमाना बदल गया है। 1990 के दशक से भारत में प्यार मोहब्बत का इजहार करने के लिए हर साल 14 फरवरी को...वैलेंटाइन डे.. अर्थात प्यार दिवस. दुनिया के बहुत सारे देशों की तरह भारत में भी जोश और खरोश के साथ मनाया जाता है। इस दिन युवा प्रेमी तथा प्रेमिका एक दूसरे को लाल गुलाब या फिर और उपहार का आदान-प्रदान करते हैं। इस उत्सव को मनाने के लिए कई बार पार्टियां भी की जाती हैं, युवा प्रेमी तथा प्रेमिका सार्वजनिक तौर पर या किसी होटल में डांस भी करते हैं। आजकल प्रेम और प्यार पहले की तरह डर डर कर या फिर छुप कर नहीं किया जाता। बहुत बार तो लड़का या लड़की अपने मां-बाप को साफ-साफ बता देते हैं कि वो एक दूसरे को पसंद करते हैं और विवाह करना चाहते हैं। अगर मां-बाप सहमत ना भी हो तो भी वह कोर्ट मैरिज कर लेते हैं। पहले जमाने में तो प्रेम के संदेश चिट्ठियों, कबूतरों या फिर छोटे बच्चों के द्वारा उन्हें लालच देकर पहुंचाए जाते थे। मेरे विचार में कालिदास के प्रसिद्ध मेघदूत में बादल प्रेमी प्रेमिका के संदेश को ले जाने वाला पहला डाकिया समझ जाना चाहिए। लेकिन आजकल प्रेम के इजहार के लिए हमारे पास मोबाइल जैसा सोशल मीडिया है जिसमें वीडियो कॉलिंग, एसएमएस आदि के द्वारा प्यार मोहब्बत के संदेश का आदान-प्रदान किसी भी समय और कहीं भी किया जा सकता है। शेक्सपियर ने अपने



किसी नाटक में...प्रथम दृष्टि में प्यार...लव एट फस्ट साईट की बात कही है। अधिकांश मामलों में जब कोई लड़की किसी लड़के को मुस्कुरा कर देखती हैं या मुस्कुरा कर बात करती है तो उस लड़के को ऐसे लगता है जैसे कि वह उसे प्यार करती हो। लेकिन यह जरूरी नहीं। आमतौर पर हम एक दूसरे के साथ मुस्कुरा कर ही बात करते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि हम सब एक दूसरे को प्यार करते हैं। कई बार एक तरफा प्यार होता है अर्थात लड़का तो लड़की से प्रेम करता है लेकिन लड़की की दिलचस्पी किसी और में होती है। इसके उलट भी हो सकता है अर्थात लड़की सोचती हो कि यह लड़का मुझे प्यार करता है लेकिन वह लड़का वास्तव में किसी और लड़की में दिलचस्पी रखता हूं। अब कैसे पता चले कि कौन किसे प्यार करता है। प्यार तो एक मन की स्थिति है। प्यार बाजार में बिकता नहीं है। किसी से जबरदस्ती प्यार की उम्मीद नहीं की जा सकती। यह तो दिल की भावना है। यह तो दिल के देने और दिल के लेने का मामला है। पुराने विचारों के लोग अपनी संस्कृति को ध्यान में रखते हुए...वैलेंटाइन डे... मनाने के पक्ष में नहीं है! कुछ समय पहले कुछ अति उत्साही.... वैलेंटाइन डे विरोधी... संगठनों ने लड़के तथा लड़कियों को पार्कों में या बागों में आपत्तिजनक स्थिति में व्यवहार करते हुए उनके साथ मारपीट की। ठीक है, प्यार करना कोई पाप या जुर्म नहीं। लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि सच्चा प्यार जिंदगी में केवल एक बार और एक से ही होता है। लेकिन आजकल यह देखा गया है कि एक लड़का या लड़की एक समय में एक से ज्यादा के साथ संबंध बनाते हैं। हमें यह बात नहीं भूलनी चाहिए कि प्यार का मतलब शारीरिक आकर्षण नहीं। लेकिन आजकल के आशिक लोग अपने मनपसंद लड़की से जबरदस्ती शारीरिक आकर्षण के कारण प्यार करते हैं। उसके द्वारा मना करने पर बलात्कार करते हैं, गैंग रेप करते हैं और जान से मार कर टुकड़े-टुकड़े कर देते हैं। इसे प्यार नहीं बल्कि वहशीपन कहना चाहिए। आजकल तो प्यार करने वाले शादीशुदा आदमी और औरत भी... लिव इन रिलेशनशिप... के तहत जब तक दिल चाहे इकट्ठे रहते हैं और फिर जब दिल` ऊब जाए तो अपने-अपने रास्ते चले जाते हैं! मैं इसे प्यार के नाम पर वेश्यावृत्ति ही कहूंगा! असल में प्यार परमात्मा का नाम जपने के बराबर है! इसमें स्वार्थ, लुका छिप्पी, केवल शारीरिक आकर्षण नहीं होता। प्यार तो आत्मा की आवाज है, दिल के बदले दिल लेने और देने की बात है। प्रेम कोई व्यापार नहीं, प्यार का दिखावा नहीं होता, प्रेम त्याग चाहता है। प्रेम के लिए इंग्लैंड के राजा एडवर्ड तृतीय ने अपना ताजो तख्त छोड़ दिया था। सच्चा प्रेम स्थाई होता है। कभी डगमगाता नहीं है। सच्चे प्यार की अभिव्यक्ति के लिए पति-पत्नी भी वैलेंटाइन डे मना सकते हैं। वैलेंटाइन डे मर्यादा में रहकर मनाना चाहिए। दिल है तो धड़केगा, धड़केगा तो प्यार भी करेगा और प्यार किसी भी उम्र में, किसी भी जगह, किसी भी क्षेत्र में तथा किसी भी भाषा वाले के साथ हो सकता है। लेकिन यह देखा गया है कि लोग खुद तो प्रेम करना अपना अधिकार समझते हैं लेकिन जब कोई दूसरा व्यक्ति उनके परिवार की बेटी या बहन के साथ प्रेम करता है तो वह इसके खिलाफ हो जाते हैं। बहुत कम मामलों में ही मां बाप अपने बच्चों को अपनी मर्जी से प्रेम करके प्रेम विवाह करने की सच्चे दिल से सहमति देते हैं।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# सिर्फ लूटते हैं फर्जी ट्रैवल एजेंट,एजेंसी और वेबसाइट



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

भारत में...हाल ही में धोखाधड़ी करने वाली ट्रैवल एजेंसियों में उछाल आया है जो अयोग्य व्यक्तियों को विदेश भेजने का वादा करती हैं। भले ही बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया हो, लेकिन निस्संदेह अभी भी बड़ी संख्या में लोग धोखाधड़ी से काम कर रहे हैं। अवैध छुट्टियों के पैकेज, पंजीकरण धोखाधड़ी और मनोवैज्ञानिक दिमागी खेल का उपयोग करके, ये बेईमान ट्रैवल एजेंट अपना व्यवसाय चलाते हैं। यात्रियों को इन धोखेबाजों से सावधान रहने की चेतावनी दी जाती है क्योंकि उनके साथ काम करना बहुत महंगा हो सकता है। जो एजेंट झूठे बहाने से श्रमिकों को विदेश भेजते हैं, उन्हें कठोर दंड का सामना करना चाहिए ताकि धोखाधड़ी करने वाले श्रमिकों की बढ़ती संख्या को रोका जा सके। बेईमान ऑपरेटरों को ख़त्म करने के लिए, ट्रैवल इंडस्ट्री में कई लोगों का मानना है कि पर्यटन मंत्रालय से मंजूरी की मुहर की आवश्यकता होनी चाहिए। ऐसे ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहें जो आपकी पहली यात्रा से लेकर आपके सभी आरक्षणों को संभालने तक हर चीज में अत्यधिक उदार हैं। ऐसी अत्यधिक उदारता धोखाधड़ी का संकेत हो सकती है।

अवैध आव्रजन तब होता है जब कोई व्यक्ति अपने मूल देश को छोड़कर आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करते हुए दूसरे देश में रहने के लिए चला जाता है। यह एक महत्त्वपूर्ण और नाज़ुक मामला है। अक्सर, बिना नौकरी वाले युवा लोग जो निर्दोष हैं, विदेश में रोजगार पाने की कोशिश में अवैध आव्रजन के जाल में फंस जाते हैं। विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति को उसकी पसंद के देश में भेजने के बजाय, अनधिकृत एजेंट और एजेंसियाँ उसे दूसरे देश में भेज देती हैं। सरकार ने लोगों, खासकर युवाओं को चेतावनी दी है कि वे बेईमान अनधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों से सावधान रहें जो उन्हें काम, शिक्षा या अन्य कारणों से विदेश भेजने के लिए झांसा देते हैं। इनमें से कई स्थितियों में, विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति की जान भी जोखिम में होती है। भुगतान करने से पहले, लोगों को उन ट्रैवल एजेंसियों और कंपनियों से संपर्क करना चाहिए जिन्हें सरकार ने विदेश यात्रा करने की अनुमति दी है और उनसे अपने सभी सवाल पूछने चाहिए।

राज्य सरकार द्वारा लोगों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे केवल अधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों के माध्यम से ही विदेश यात्रा करें। कई एजेंट जो विदेश



में पैसे भेजने का दिखावा करके लोगों को ठगते हैं, अक्सर अपंजीकृत पाए जाते हैं। ये धोखेबाज़ या बिना मंजूरी वाले एजेंट विभिन्न मीडिया में अपने विज्ञापन पोस्ट और प्रसारित करते हैं, जिससे जनता को धोखा मिलता है और उन्हें अपनी मेहनत की कमाई, संपत्ति, गहने और अन्य संपत्ति से हाथ धोना पड़ता है। पंजाब और हरियाणा में ऐसे मामलों की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक है। यह चिंताजनक है कि पिछले छह वर्षों में, हरियाणा में अवैध अप्रवास के मामलों की संख्या में वार्षिक वृद्धि देखी गई है। इन मामलों में तुलनात्मक रूप से कई ग्रामीण निवासी शामिल हैं। ट्रैवल एजेंसियाँ बेरोज़गार लोगों को काम और शिक्षा वीज़ा पर विदेश यात्रा करने के लिए लुभाने के लिए रोज़गार के वादे करती हैं। भुगतान करने और वीज़ा के लिए आवेदन करने के बाद,व्यक्ति को अक्सर पता चलता है कि उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है।

इसके बाद, ट्रैवल एजेंट ÷डंकी रूट ÷ की सलाह देता है। इस प्रक्रिया में शामिल अधिकांश लोगों को सीमा पर रोक लिया जाता है, हिरासत में लिया जाता है और वापस भारत भेज दिया जाता है। ऐसे उदाहरण हैं जहाँ पीड़ितों को उनके रिश्तेदारों द्वारा अवैध रूप से हिरासत में लिया जाता है और उनसे ज़्यादा भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ट्रैवल एजेंट द्वारा फ़र्जी टिकट और वीज़ा प्रदान किए जा सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को हवाई यात्रा से मना किया जा सकता है। लोग कभी-कभी ईमेल आदि के ज़रिए भेजे गए फ़र्जी नौकरी के ऑफ़र और आधिकारिक दिखने वाले दस्तावेज़ों के ज़रिए ठगे जाते हैं। इसके अलावा, एजेंट दूसरे देश का वीज़ा पाने के झूठे बहाने से लोगों को रूस और यूक्रेन जैसे देशों में भेज सकते हैं। लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की आकर्षक छवियों वाली और टूर पैकेज प्रदान करने का दावा करने वाली वेबसाइट कोई भी बना सकता है। वे सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म की बदौलत ज़्यादा से ज़्यादा लोगों से जुड़ सकते हैं। वास्तव में, जब मैंने विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों की वेबसाइट देखी तो मुझे यह स्पष्ट हो गया कि उनमें से अधिकांश वेबसाइटें धोखाधड़ी वाली थीं।

उदाहरण के लिए, उनमें से एक के अनुसार, इसकी स्थापना 2020 में हुई थी और यह दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अनुभवी ट्रैवल कंपनी÷ थी। मैंने बहुत खोजबीन की, लेकिन कंपनी के मालिकों या भागीदारों के नाम नहीं मिल पाए। इसका कोई लैंडलाइन नंबर भी नहीं था। चूंकि इन दिनों इस तरह की धोखाधड़ी आम होती जा रही है, इसलिए ये कुछ चेतावनी संकेत हैं, जिन पर एजेंसी चुनते समय विचार करना चाहिए। यही कारण है कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का ट्रैवल ट्रेड डिवीजन देश में ट्रैवल एजेंसियों को मंजूरी देता है। मेरी राय में,ग्राहकों को मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एजेंसियों से संपर्क करना चाहिए। हालाँकि मान्यता कार्यक्रम वैकल्पिक है और केवल कुछ ही व्यवसायों ने भाग लेने का विकल्प चुना है, लेकिन ग्राहकों की पसंद अधिक व्यवसायों को ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकती है। जनता को इन बेईमान ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहना चाहिए और बिना उचित जांच-पड़ताल किए किसी भी ट्रैवल एजेंसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

हर राज्य ने आम जनता की सुविधा के लिए अपनी पुलिस वेबसाइट पर अधिकृत और अनधिकृत ट्रैवल एजेंटों की सूची पोस्ट की है। इसके अलावा, जो कोई भी अभी भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होता है,उसे तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन को सूचित करना चाहिए। न केवल एक व्यक्ति अपनी सारी जमा पूंजी खो सकता है, बल्कि लापरवाही का एक छोटा-सा कार्य भी उसके परिवार के जीवन को खतरे में डाल सकता है। नतीजतन, लोगों को उचित सुरक्षा उपाय करने चाहिए। नागरिकों को इस तरह की धोखाधड़ी वाली आव्रजन गतिविधियों के बारे में पता होना चाहिए, विदेशों में, विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आकर्षक नौकरी के अवसर प्रदान करने वाली ट्रैवल एजेंसियों के झूठे वादों में न फंसना चाहिए, संभावित नियोक्ता की पृष्ठभूमि की पूरी तरह से जांच करनी चाहिए, खासकर जब झूठे बहाने से काम की पेशकश की जाती है, किसी भी अवैध साइबर गतिविधि में शामिल होने से बचना चाहिए और भारतीय दूतावास से संपर्क करना चाहिए।विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित वन-स्टॉप सुविधा केंद्र, ओवरसीज वर्कर्स रिसोर्स सेंटर, काम के लिए विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक सहायता सेवाएँ प्रदान करता है। अपनी मान्यता और निरसन योजना में, मंत्रालय को अनुमोदित सेवा प्रदाताओं के खिलाफ अनुचित व्यापार प्रथाओं और घटिया और लापरवाह सेवाओं की उपभोक्ता शिकायतों को प्राथमिकता देनी चाहिए। अपने पोर्टल पर, इसे ग्राहक शिकायतों के लिए एक अनुभाग भी शामिल करना चाहिए।

## कविता
## अंधियारी जिनगी

घटती-घटना



चंद्रकांत खूंटे
जांजगीर,चांपा
छत्तीसगढ़

रथिया कारी,कारी हमर देह
करिया जिनगी मा,अंजोर कहाँ हे?
भाग हावे कारी
छितका परे हे अंधियारी
निबलहा सक्ति मा,पुरजोर कहाँ हे?
हमर बर दिन घलो रात आय
शीत परे घलो बरसात आय
टमड़थन हमर भाग ल
कमाथन राती-राती जाग ल
पर ए कारी रात बितय नही
कोचकिचले भराय,जे हिटय नही
अगोरते चंदा के अंजोर ल
तय बिताते गरीबी गझोर ल
तभे समझते हमर दुरदसा ल
जानते करु-कस्सा ल
कतको उजरइ हमर जिनगी ल
एतो निचट चिटआय हे
देख तो नोनी फइका ल
लागथे कोनो बोट मांगे बर आय हे।।

## कविता
## जीवन पथ

घटती-घटना



उदय किशोर शाह
जयपुर बांका
बिहार

सूरज पूरब में जब आता है
नई संदेशा दे हमें जगाता है
अस्त और उदय का खेला है
नित्य हमें समझाता है
गिरना और उठना है जीवन
सरिता की धारा ने बतलाया
रोना और हँसना है जीवन
प्रकृति ने आज समझाया
हम अभिनेता हैं जीवन का
जग है एक नई रंगमंच
अच्छे बुरे का किरदार निभाना
जीवन में दे जाना है संदेखा
आओ प्यारे एक कहानी लिख दूँ
आने वाले नौनीहालों के खातिर
अच्छा कर्म करना है जीवन में
ना बनना है कभी धूर्त् शातिर
तेरे अच्छे कर्म की अनुसरण
कर पायेंगे भविष्य में मेरे भाई
नाम रहेगा सदैव तेरी ऊँचा
कद्र करना है मेरे सब ओ साईं

# त्याग और समर्पण का अर्थ प्रेम



लक्ष्मीनारायण सेन
खुटेरी गरियाबंद (छ.ग.)

पृथ्वी के जैव जगत के सभी जीव में अपनों के प्रति प्रेम का भाव निश्चित तौर पर एक स्वाभाविक प्रक्रिया है।पर जैव जगत के सबसे विवेकवान प्राणी मानव आज कोई भी काज करता है,तो उस काज के प्रतिफल पर कुछ अपेक्षा और आशा रखता है।आज मानव संतान को जन्म देता है और अच्छे ढंग से परवरिश करता है बदले में वह अपेक्षा करता है कि मेरे संतान बुढ़ापे में सहारा बनेगा। एक पक्षी या अन्य जन्तु का विश्लेषण करें तो ज्ञात होता है कि जैसे ही पक्षी के बच्चे में मजबूत पंख आता है तो वह पक्षी आसमान पर उड़ जाता है अर्थात एक पक्षी अपने बच्चे से प्रेम करता है पर वह कभी आशा या स्वार्थ की अपेक्षा नहीं करता इनका प्रेम सदा स्वार्थ से परे होता है ।

प्रेम की पराकाष्ठा कभी भी कोई चीज लेने का नही होता बल्कि सदा सर्वस्व देने का होता है।प्रेम में यदि अपेक्षा का भाव आता है तो प्रेम के अभिप्राय को बदल देता है।प्रेम में अपेक्षा नहीं बल्कि उपेक्षा होता है, उपेक्षा से तत्काल पीड़ा का अनुभव जरूर होता है पर इसका दूरगामी परिणाम सदा सुखमय होता है। हमारा शास्त्र गवाह है,कि माता कैकेई के निःस्वार्थ प्रेम के कारण श्रीराम जी चौदह वर्ष का वनवास गये और श्रीराम जी, श्रीराम जी से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी बने। माता सीता चौदह वर्ष के वनवास काटने के बाद अवध आती है। एक धोबी के लोकापवाद के कारण माता सीता जी एक आदर्श राजा के निर्णय में कोई स्वपक्ष लेने की बात ना आए, यह सोच कर माता सीता श्रीराम जी को छोड़कर स्वयं वन को चली गई। अतः माता सीता जी का प्रेम श्रीराम जी के प्रति समर्पण और त्याग का पराकाष्ठा थी।भगवान श्रीकृष्ण प्रसन्नता पूर्वक माता कुंती से कहता है, कि हे बुआ आप मुझसे वरदान मांगों मैं आपको वर देना चाहता हूं, तो माता कुंती कहती हैं कि हे केशव मुझे देना ही है तो सुनो मेरा जीवन दुख से भर दो, केशव कहता पर ऐसा क्यों बुआ, कुंती कहती हे केशव दुख में तुम सदा मेरे चित्त में रहोगे और सुख में विस्मृत।यहाँ भी माता कुंती का केशव के प्रति प्रेम निःस्वार्थ भाव को दर्शाता है। प्रेम भले ही ढाई अक्षर शब्द का बना है और प्रेम शब्द का व्याख्या और विश्लेषण अनंत है।पर आज हम देखते हैं कि प्रेम का अर्थ वासना और स्वार्थ से लगाया जाता है,जो कि अनुचित है। पाश्चात्य संस्कृति पर आज चौदह फरवरी को एक छोटा सा दिवस **वैलेंटाइन डे** मनाया जाता है जिसमें आज बहुत से युवक युवतियां अपने संस्कार और मर्यादा को ताक में रख अशोभनीय व्यवहार करते हैं जो की निंदनीय है। प्रेम मानव जीवन का और मानवीय व्यवहार का एक महत्वपूर्ण अभिन्न अंग है, पर प्रेम वासना और स्वार्थ के वशीभूत ना हो तभी प्रेम शब्द का अर्थ सार्थक होगा, क्योंकि त्याग और समर्पण का अर्थ ही प्रेम है।

# खुदकुशी के सिलसिले को रोकने की जरूरत

कभी राजस्थान का कोटा शहर जिसे प्री-इंजीनियरिंग एग्जाम और मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट के मामले में देशभर में डंका बजाने वाला माना जाता था, अब कोचिंग स्टूडेंट की आत्महत्या का हब बनता जा रहा है।अभिभावक यह सोचकर अपने बच्चों को कोचिंग में अध्ययन करने के लिए कोटा भेजते हैं कि उनके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वे इंजीनियरिंग अथवा डॉक्टरी की शिक्षा में एडमीशन ले सकेंगे, अपने बच्चों को वे तमाम तरह के सब्जबाग दिखाते हैं, लेकिन तमाम केस ऐसे हो रहे हैं कि बच्चा असफल होने पर आत्महत्या कर लेता है और अभिभावक हाथ मलते रह जाते हैं।जनवरी, 2025 में ही छह छात्रों के आत्महत्या कर लेने से एक बार कोटा फिर भयावह नजर आने लगा है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर कोटा में कोचिंग सेंटर्स में पढने़ वाले छात्र असफल होने पर क्यों आत्महत्या कर लेते हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है। आत्महत्याओं के बढ़ते आंकड़ों से लोग अब अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजने से कतराने लगे हैं। पिछले 10 साल में कम से कम 127 विद्यार्थियों की खुदकुशी के मामले सामने आए हैं, अब यह आंकड़ा और तेजी से बढ़ रहा है। इसे सरकारी तंत्र की विफलता मानें या कोचिंग सेंटल संचालकों की उदासीनता, पढ़ाई का दबाव झेलने में नाकाम रहने वाले विद्यार्थियों की मौत का आंकड़ा थमता नजर नहीं आ रहा है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने ऐसे घटनाक्रम रोकने के लिए प्रयास न किए हों। कई बार गाइडलाइंस जारी की गई हैं, लेकिन आत्महत्या का यह सिलसिला रुकता नजर नहीं आ रहा है।यक्ष प्रश्न यह है कि खुदकुशी के इस दर्दनाक खेल के लिए किसे कठघरे में खड़ा किया जा सकता है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बालक अच्छी से अच्छी सेवा में जाएं और उनका नाम रोशन करें। जो माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते हैं वे अपने बच्चों को कोटा के कोचिंग सेंटर्स से तैयारी कराते हैं। इसमें दो राय नहीं कि डॉक्टरी और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोटा सर्वोत्तम हब माना जाता है। जाहिर है कि लोगों का ध्यान कोटा पर केंद्रित हो, लेकिन अभिभावक यह नहीं देखते कि उनका बच्चा इन दोनों पाठ्यक्रमों के लायक है भी या नहीं। सभी बालक अतिकुशाग्र बुद्धि के नहीं होते। सभी की बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। ऐसे में बच्चों को स्वप्न दिखाकर कोटा में एडमीशन दिलाना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना ही है। तमाम बच्चे मध्यम और निचले वर्ग के भी होते हैं। उन्हें बताया जाता है कि कैसे शिक्षा प्राप्त कर उन्हें घर-परिवार का नाम रोशन करना है। जब वे इसमें असफल होते हैं तो नाकामी का दबाव उन्हें आत्महत्या के लिए प्रेरित करता है। बहुत से बच्चों पर घर का आर्थिक दबाव भी होता है। इस दबाव के चलते उनके कदम खुदकुशी की ओर बढ़ते हैं। स्पष्ट है कि इन आत्महत्याओं के लिए प्राथमिक तौर पर उनके अभिभावक ही दोषी होते हैं। दूसरे नंबर पर आते हैं कोचिंग सेंटर संचालक। अब यह बात किसी से छिपी नहीं है कि शिक्षा व्यवसाय का रूप ले चुकी है। निम्न से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा में बड़ी रकम खर्च होती है। कोटा में जो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं, उनमें भी मोटी रकम के लालच में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के प्रवेश ले लिये जाते हैं। भले ही उन कोचिंग सेंटर्स में छात्रों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था न हो, लेकिन एडमिशन ले लिये जाते हैं। बाद में उनके बैठने आदि की वैकल्पिक अस्थायी व्यवस्था की जाती है।प्रवेश लेते समय सिर्फ बड़ी रकम देखी जाती है, बच्चे का मानसिक और बौद्धिक स्तर नहीं।



**-आनंद अग्निहोत्री-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# शौचालय न होने से छात्राओं को हो रही परेशानी,खुले में बाथरूम जाने को हैं मजबूर






- भूपेन्द्र सिंह -
अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिले में आज भी कई ऐसे शासकीय विद्यालय हैं जहां शौचालय नहीं है, ताजा मामला लुंड्रा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम करौली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का है जहां पिछले 1 वर्ष से शौचालय ही नही है और जो शौचालय था उसे तोड़ दिया गया है। अब छात्राओं सहित छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल लुंड्रा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौली में कुल 145 छात्र-छात्राएं अध्यनरत है, जिसमें 75 छात्राएं हैं इन छात्राओं को टॉयलेट नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, छात्र-छात्राओं ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पिछले 1 साल से स्कूल में टॉयलेट ही नहीं है पुराना टॉयलेट था जिसे तोड़ दिया गया ऐसे में वह खुले मैदान का उपयोग करती हैं जहां हमेशा डर बना रहता है वहीं छात्राओं ने बताया कि स्कूल के पीछे एक शौचालय है जिसे स्कूल के महिला टीचर्स उपयोग करते हैं जहां छात्राओं को नहीं जाने दिया जाता है ऐसे में बड़ा सवाल है की जिम्मेदार शिक्षक इन छात्राओ को आखिर कैसे खुले मैदान में शौचालय के लिए जाने देते हैं शिक्षकों की लापरवाही से छात्राओं को हमेशा खतरा बना रहता है पहले भी कई स्कूलों में अप्रिय घटना भी घट चुकी है बावजूद लापरवाही सामने दिखाई दे रहा हैवही स्कूल के प्रिंसिपल से जब बात की गई तब उन्होंने कहा कि शौचालय डिस्मेंटल युक्त था उनके आने से पहले तोड़ दिया गया अगर वह रहति तो उसे तोडने़ नहीं देती नई बिल्डिंग बनाने के लिए पुराने टॉयलेट को तोड़ तो दिया गया लेकिन असुरक्षित तरीके से टेंपरेरी शौचालय बनाया गया है जिसका उपयोग छात्राएं नहीं करती हैं क्योंकि वह शौचालय सुरक्षित नहीं है हालांकि प्रिंसिपल भी मान रही है कि छात्राओं को काफी परेशानी है लेकिन इसके लिए वह सिर्फ पत्राचार कर रही हैं।

# स्कूल के स्वीपर कर रहे पंचायत चुनाव का प्रचार

- संवाददाता -
बलरामपुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत धंधापुर के सरकारी स्कूलों में कार्यरत स्वीपर के द्वारा पंचायत चुनाव में प्रचार प्रसार का काम किया जा रहा है इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है और कलेक्टर ने इस पूरे मामले में तत्काल स्वीपर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं लेकिन इसके बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के द्वारा अब तक स्वीपर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है, इसके कारण स्कूल में स्वीपर पंचायत चुनाव को प्रभावित कर रहे हैं।



शिकायत में कहा गया है कि ग्राम पंचायत धंधापुर स्थित प्राथमिक पाठशाला डुमरपारा में देवनारायण सांडिल्य स्वीपर के पद पर पदस्थ है। वह धंधापुर के वार्ड क्रमांक 17 में रहता है और इन दिनों पंचायत चुनाव में अपने पड़ोसी व वार्ड पंच के उम्मीदवार लक्ष्मण पैकरा का प्रचार कर रहा है। वही ग्राम पंचायत धंधापुर के ही प्राथमिक पाठशाला धंधापुर में स्वीपर के पद पर रामधनी पैकरा पदस्थ है। उसके द्वारा वार्ड क्रमांक 17 के उम्मीदवार लक्ष्मण पैकरा के पक्ष में प्रचार किया जा रहा है। लक्ष्मण पैकरा रामधनी पैकरा का रिश्ते में भाई है। दोनों स्पीपर धंधापुर के ही स्कूलों में आने वाले पंचायत चुनाव मतदान तक ड्यूटी करते रहे तो पंचायत चुनाव को प्रभावित करते रहेंगे और निर्वाचन के नियमों का सरासर उल्लंघन होता रहेगा।

आवेदन में स्वीपर रामधनी पैकरा और स्वीपर देवनारायण साडिल्य को बलरामपुर जिला मुख्यालय में अटैच करने की मांग की गई है। वहीं इस पूरे मामले की जांच के लिए कलेक्टर के निर्देश पर राजपुर गांव पहुंचे थे लेकिन तब शिकायत करता गांव में मौजूद नहीं थे इसके बाद दूसरे दिन शिक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी पूरे मामले की जांच के लिए पहुंचे तब लोगों ने पंचनामा और गवाही देकर इस बात को बताया कि शिकायत सही है और दोनों स्वीपर के द्वारा चुनाव में प्रचार किया जा रहा है इस जांच में प्रचार प्रसार करने की पुष्टि होने के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं होने से निर्वाचन की प्रक्रिया स्वच्छ तरीके से नहीं हो पा रही है। वही इस पूरे मामले में जिम्मेदार अफसरों व कर्मचारियों की भूमिका पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं।

## सर्व आदिवासी सामाज आज करेगा आजाक थाने का घेराव

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार सरिता पैकरा एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह के साथ भाजपा समर्थकों द्वारा किए गए दुर्व्यवाहार व मामले में एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने के विरोध में सर्व आदिवासी समाज 14 फरवारी को विरोध प्रदर्शन करेगा।

सर्व आदिवासी सामाज ने बताया है कि 11 फरवरी को अजिरमा स्थिति राधेकृष्ण मंदिर में प्रवेश के दौरान कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत सदस्य उम्मीदवार सरिता पैकरा एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु सिंह के साथ भाजपा समर्थकों द्वारा दुर्व्यवहार करने और जातिसूचक अपशब्द कहे गये और मंदिर प्रवेश करने से भी रोका गया। उसी दिन देर रात इस घटना की रिपोर्ट आदिम जाति कल्याण थाने में की गई थी। 48 घंटे बीत जाने के बावजूद पुलिस ने इस मामले में अबतक कोई कार्रवाई नहीं कि है। इसके विरोध में 14 फरवरी शुक्रवार को सर्व आदिवासी समाज आजाक थाने का घेराव करने जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी ने यह तय किया है कि वो भी आदिवासी भाई-बहनों को सम्मान की इस लड़ाई में पूर्ण सहयोग देगी एवं पूरी ताकत से इस घेराव में शामिल होगी। घेराव का यह कार्यक्रम 12 बजे दिन में प्रारंभ होगा।

# 97 लीटर अंग्रजी व महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### आबकारी विभाग के संभागीय उडऩस्ता टीम की कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

अवैध शराब कारोबार के मामले में आबकारी उडऩदस्ता टीम ने गुरुवार को बलरामपुर जिले के दो ठिकानों पर कार्रवाई की है। दोनों ठिकानों से दो आरोपियों के कब्जे से कुल कुल 97 लीटर अंग्रजी शराब जब्त किया है। दोनों आरोपी अपने-अपने घर में रखकर अवैध शराब का कारोबार कर रहे थे। आबकारी विभाग ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को आबकारी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता टीम बलरामपुर जिले के सनावल थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से जानकारी मिली की सनावल थाना क्षेत्र के ग्राम तालकेश्वरपुर निवासी शंभू गुप्ता अपने घर से अवैध अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री करने का काम करता है। मुखबिर की सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। आरोपी के घर की तलाशी ली तो 81.89 लीटर यूपी का लेवल लगा अंग्रेजी शराब पाया गया। जिसे टीम ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी क्रम में ग्राम तालकेश्वरपुर के ही राजकुमार पोयाम के घर टीम ने छापेमारी की तो यहां से अंग्रेजी व महुआ शराब कुल 25.76 लीटर पाया गया। जिसे आबकारी विभाग के उडऩदस्ता टीम ने जब्त किया है। कुल जब्त शराब की कीमत 60 हजार रुपए बताई जा रही है। टीम ने दोनों मामले में आरोपी शंभू गुप्ता व राजकुमार पोयाम निवासी ग्राम तालकेश्वरपुर थाना सनावल के खिलाफ धारा 34(1) 34 (2) 36 एवं 59 ( क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।





## आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पद की अनंतिम योग्यता क्रम सूची का प्रकाशन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बाल विकास परियोजना अम्बिकापुर (ग्रामीण) के अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों हेतु 30 दिसम्बर 2024 को आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

निर्धारित समय सीमा पर प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों को छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, दाउ कल्याण सिंह भवन,रायपुर के आदेश 02 अप्रैल 2008 में निहित निर्देशानुसार कार्यवाही के उपरांत परियोजना हेतु गठित मूल्यांकन समिति के द्वारा परीक्षणोपरांत निर्देश के पालन में आवेदिकाओं द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर अनंतिम योग्यता क्रम सूची परिशिष्ट-4 के प्रारूप में मूल्यांकन समिति के निर्देशानुसार एतद द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

## ट्रक के पहिए के नीचे आने से महिला की मौत,बेटे को आई मामूली चोट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला पहिए के नीचे आ गई। महिला अपने बेटे के साथ स्कूटी से छिपातला से अंबिकापुर जा रही थी। गंभीर रूप से जख्मी महिला को इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके बेटे को मामूली चोट आई है।

जानकारी के अनुसार कोरनेलिया तिग्गा बासेन थाना कांसाबेल जिला जशपुर की रहने वाली है। वह 12 फरवरी की दोपहर अपने बेटा एड्रियन तिग्गा के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईए 3900 से छिपातला से अंबिकापुर जा रही थी। रास्ते में बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम जरहाडीह के पास मेन रोड में सामने से जा रहे ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमएस 9101 का चालक लावारवही पूर्वक वाहन चलाते हुए अचानक रोक दिया और रिर्वस कर दिया। इससे ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार महिला कोरनेजिया तिग्गा ट्रक के पहिए के नीचे आ गई और गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए शांतिपारा अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अनियंत्रित कार ने खड़ी कार को मारी टक्कर,जा घुसी घर में,चालक गिरफ्तार,न्यायालय में पेश

### » ओवरस्पीड और नशा बन रहा दुर्घटनाओं का कारण, उचित लगाम लगाने की आवश्यकता

- संवाददाता -
बलरामपुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर थाना अंतर्गत कुसमी मार्ग पर ग्राम बूढ़ाबगीचा में एक तेज रफ्तार कार ने पहले सड़क पर खड़ी एक कार को टक्कर मारी और फिर एक घर में जा घुसी। इस घटना में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और घर को भी काफी नुकसान हुआ। बताया गया है कि कार का चालक शराब के नशे में था, जिससे वह अपना नियंत्रण खो बैठा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

बुधवार की शाम लगभग 5 बजे शंकरगढ़ निवासी आशीष यादव पिता संजू यादव (25) अपनी फोर्ड कार क्रमांक ऐएस 27 ई 2857 में राजपुर से शंकरगढ़ की तरफ जा रहा था, तभी ग्राम बूढ़ाबगीचा के पास उसने नियंत्रण खो दिया। नशे में धुत्त तेज रफ्तार चालक ने पहले खड़ी बलेनो कार से टक्कर मारी और फिर एक घर में जा घुसा, जिससे दोनों वाहनों को भारी नुकसान हुआ और घर का भी एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक और उसके साथी को थाने ले गई, साथ ही गाड़ी को थाने में खड़ा किया गया।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां उसे 10 हजार रुपए अर्थदंड के साथ दंडित किया गया।



**नशे का अवैध कारोबार चरम पर, प्रशासन लगाम लगाने में हो रही नाकाम**

नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, जिसे एनडीपीएस अधिनियम 1985 के तहत जाना जाता है, और आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत अक्सर छोटी-बड़ी कार्रवाई देखने को मिलती है। कभी-कभी अधिकारी इन कार्रवाईयों से वाहवाही लूटते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन नशे के अवैध कारोबार को पूरी तरह रोकने में असमर्थ है। शराब की बिक्री जो प्रशासन के नियंत्रण से बाहर है, चुनावी माहौल में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद भी अवैध शराब की बिक्री लगातार बेतरतीब ढंग से बढ़ रही है, जिससे इनका मुनाफा भी बढ़ रहा है। कुछ असामाजिक तत्व क्षेत्र में अशांति फैलाकर वाहन चलाते समय खतरनाक तरीके से दुर्घटनाएं कर रहे हैं, जिससे वे दूसरों के लिए खतरा बन गए हैं। इसके अलावा, प्रतिबंधित नशीली दवाओं, कफ सिरप और गांजे का व्यापार भी बढ़ रहा है। आस-पास के इलाकों में कफ सिरप, नशीली दवाएं, बियर और शराब की खाली बोतलें देखने को मिल जाती हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के सफलता हेतु किया गया प्रशिक्षण का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर में आज मतदान दल अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का अवलोकन सामान्य प्रेक्षक श्री संतोष कुमार देवांगन द्वारा किया गया। इस दौरान जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विनय कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे।







प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक डॉ राजकमल मिश्रा और डॉ सिंह पांडे द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु 279 मतदान केंद्रों के पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 एवं 3 को प्रशिक्षित किया।

पंचायती राज निर्वाचन 2025 के सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता ने बताया कि मतदान दल के पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी क्रमांक 1 का प्रशिक्षण प्रथम पाली में, जबकि मतदान अधिकारी क्रमांक 2 और 3 का प्रशिक्षण द्वितीय पाली में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया।

इस बार पंचायती राज निर्वाचन मतपत्र के माध्यम से संपन्न होगा। प्रशिक्षण में मतपेटी (2पीटी) तैयार करना, मतपेटी को सील करना और समस्त निर्वाचन प्रक्रिया से प्रशिक्षार्थियों को अवगत कराया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष बनाना है, जिससे निर्वाचन के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता न हो और हर मतदाता का वोट सुरक्षित रूप से गिना जा सके। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार त्रिस्तरीय पंचायती राज निर्वाचन के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंचों एवं पंचों के लिए आगामी मतदान तीन चरणों में संपन्न होगा पहला चरण 17, दूसरा चरण 20 एवं तीसरा चरण 23 फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक तय किया गया है।



# अमेरिका को फिर से महान बनाने का समय आ गया, अमेरिकी राष्ट्रपति ने फिर उठाया टैरिफ का मुद्दा

**वॉशिंगटन,13 फरवरी 2025।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर टैरिफ का मुद्दा उठाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि तीन बेहतरीन सप्ताह, शायद अब तक के सबसे अच्छे, लेकिन आज का दिन बहुत बड़ा है- पारस्परिक टैरिफ। अमेरिका को फिर से महान बनाओ। पीएम मोदी से मुलाकात से पहले ट्रंप का यह पोस्ट टैरिफ को लेकर कई संभावनाएं जता रहा है। वह जल्द ही पारस्परिक टैरिफ का एलान करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी पारस्परिक टैरिफ प्रणाली व्यापार करने का एकमात्र उचित तरीका है। व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा था कि पारस्परिक टैरिफ योजना की घोषणा पीएम मोदी के साथ बैठक से पहले की जा सकती है। यदि ऐसा होता है तो इसे टैरिफ पर अमेरिका की स्थिति के बारे में संदेश देने के रूप में देखा जाएगा।



### ट्रंप पारस्परिक टैरिफ पर आदेश पर हस्ताक्षर करेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को अन्य देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि वह एक दिन के भीतर उनके लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। यह एक ऐसा कदम है जो व्यापार युद्ध में नए मोर्चे खोल सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि पारस्परिक शुल्क में अमेरिकी आयात पर टैरिफ दरों में वृद्धि शामिल है, जो निर्यातक देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों पर लगाए जाने वाले शुल्क से मेल खाती है। बुधवार को ओवल ऑफिस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि वह दिन के अंत में या गुरुवार की सुबह पारस्परिक शुल्क के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर कर सकते हैं।

### अमेरिका दौरे पर हैं पीएम मोदी

पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर हैं। यहां वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच व्यापार और टैरिफ, निवेश और टेक्नोलॉजी, रक्षा और ऊर्जा, आव्रजन मुद्दे और अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर चर्चा होगी। यह पीएम मोदी की अमेरिका की 10वीं यात्रा है और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी कुल चौथी मुलाकात होगी। इससे पहले 2024 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने उन्हें राजकीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। उनकी पहली अमेरिका यात्रा 2014 में बराक ओबामा के राष्ट्रपति रहते हुई थी।

# काबुल में धमाका...मंत्रालय परिसर में हुआ विस्फोट...एक की गई जान,तीन घायल



**काबुल,13 फरवरी 2025।** अफगानिस्तान के काबुल से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां गुरुवार को सरकारी मंत्रालय के परिसर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। शहरी विकास और आवास मंत्रालय के प्रवक्ता मोहम्मद कमाल अफगान ने बताया कि एक व्यक्ति ने मंत्रालय के परिसर में हमला करने की कोशिश की, लेकिन वह अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही सुरक्षा गार्डों ने उसे मार गिराया। घटना के बाद विस्फोट हुआ, जिससे हताहत हुए। हालांकि, प्रवक्ता ने विस्फोट के स्रोत के बारे में कुछ नहीं बताया और और कोई जानकारी नहीं दी।

### कुंदुज के पास भी हुआ था विस्फोट

हालांकि अभी तक किसी ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि मंगलवार को उत्तरी प्रांत कुंदुज में एक बैंक के पास हुए बम विस्फोट में भी कम से कम पांच लोग मारे गए और सात से अधिक लोग घायल हुए। इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह ने उस हमले की जिम्मेदारी ली थी, लेकिन उन्होंने हताहतों की संख्या अधिक बताई थी।

# ताइवान में डिपार्टमेंटल स्टोर में विस्फोट, चार व्यक्ति की मौत, 26 अन्य घायल

**ताइपे,13 फरवरी 2025।** ताइवान में गुरुवार को एक डिपार्टमेंटल स्टोर यानी बड़ी दुकान में हुए विस्फोट में चार व्यक्तियों की मौत हो गई और 26 अन्य घायल हो गए। दमकल अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट ताइचुंग शहर के शिन कोंग मित्सुकोशी डिपार्टमेंट स्टोर की 12वीं मंजिल पर स्थित फूड कोर्ट यानी खाने पीने के स्थान पर हुआ। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

मकाऊ के पर्यटन कार्यालय के मुताबिक, मृतकों में मकाऊ से आए दो लोग भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि वे सात लोगों के एक परिवार का हिस्सा थे, जो घूमने के लिए वहां गए थे। अन्य पांच लोग भी घायल हुए हैं, जिनका इलाज अब ताइचुंग के स्थानीय अस्पतालों में चल रहा है।



### इमारत के बाहरी हिस्से क्षतिग्रस्त

घटनास्थल पर कई अग्निशमन कर्मियों को तैनात किया गया है। विस्फोट में इमारत के बाहरी हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए और मलबे के टुकड़े सड़कों पर बिखरे पाए गए। ताइचुंग के 'डिप्टी मेयर' चेंग चाओ-सिन ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि धमाका संभवतः गैस विस्फोट के कारण हुआ है। हालांकि, अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

### सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी की जा रही

ताइचुंग की मेयर लू शिओ-येन ने घटनास्थल पर संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने पास में स्थित अपने कार्यालय में भी झटका महसूस किया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन ब्यूरो पहले बचाव अभियान पर फोकस करेगा। इसके साथ ही सटीक कारणों का पता लगाने के लिए जांच भी की जा रही है। अधिकारी यह भी देख रहे हैं कि क्या खतरे के अन्य स्रोत भी हैं।

# युद्धविराम समझौते पर चल रहा विवाद थमा, हमास ने कहा...इस्राइली बंदियों की करेंगे रिहाई

**काहिरा,13 फरवरी 2025।** गाजा पट्टी में युद्धविराम समझौते को लेकर चल रहा विवाद गुरुवार को हल होता नजर आ रहा है। दरअसल, चरमपंथी समूह हमास ने कहा कि वह समझौते के अनुसार इस्राइली बंदियों की रिहाई करेगा।

हमास ने एक बयान में कहा कि मिस्र और कतर के मध्यस्थों ने आश्वासन दिया है कि वे सभी अड़चनों को हटाने के लिए काम करेंगे। हमास युद्धविराम समझौते को लागू करेगा। बयान में कहा गया है कि शनिवार को तीन और इस्राइली बंदियों को रिहा किया जाएगा। हमास की घोषणा पर इस्राइल की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। हमास के इस कदम से युद्धविराम समझौता फिलहाल जारी रहेगा। लेकिन भविष्य में युद्धविराम समझौता बना रहेगा, इसको लेकर अनिश्चितता है।



चरमपंथी संगठन ने आरोप लगाया था कि इस्राइल ने बंधकों को रिहा करने के समझौते को सही तरीके से लागू नहीं किया है और आवश्यक सामग्री की आपूर्ति नहीं की है। वहीं, इस्राइल और अमेरिका ने चेतावनी दी थी कि अगर बंधक बनाए गए उनके नागरिक रिहा नहीं किए जाएंगे, तो युद्धविराम समझौता खत्म हो जाएगा और युद्ध दोबारा शुरू हो जाएगा।

हमास ने कहा कि उसके प्रतिनिधिमंडल ने काहिरा में मिस्र के अधिकारियों से बातचीत की और कतर के प्रधानमंत्री से भी संपर्क किया, ताकि गाजा में आश्रय, चिकित्सा आपूर्ति, ईंधन और भारी उपकरणों की आपूर्ति बढ़ा जा सके।

### पिछले महीने लागू हुआ युद्धविराम समझौता

मिस्र के सरकारी टीवी चैनल ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि मिस्र और कतर ने इस विवाद को सुलझाने में कामयाबी हासिल की है। दोनों अरब देशों ने युद्धविराम समझौते पर मध्यस्थ की भूमिका निभाई। यह युद्धविराम समझौता जनवरी 2025 में लागू हुआ था। गाजा पट्टी में चल रहे युद्धविराम समझौते को लेकर हो रहा विवाद गुरुवार को हल होता हुआ दिखाई दे रहा है। चरमपंथी समूह हमास ने घोषणा की कि वह समझौते के अनुसार इस्राइली बंदियों को रिहा करेगा।

# अमेरिकी सहायता रोके जाने के बाद एकजुट हुए अरब देश

### पेरिस में करेंगे सीरिया के भविष्य पर चर्चा

**पेरिस,13 फरवरी 2025।** सीरिया में जारी गृहयुद्ध के बीच अमेरिका द्वारा सहयोग रोकने की घोषणा सीरिया के भविष्य के लिए बड़ा संकट साबित हो सकता है। इसी बात पर चर्चा के लिए पेरिस में गुरुवार को एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इसमें पश्चिमी देशों और अरब देशों के प्रतिनिधि सीरिया के भविष्य पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हो रहे हैं। यह सम्मेलन सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर असद के पतन के बाद हो रहा है, और इस दौरान क्षेत्र में अमेरिका की प्रतिबद्धता को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। बता दें कि दिसंबर में असद को सत्ता से हटाए जाने के बाद यह सीरिया पर तीसरा सम्मेलन है और साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के सत्ता में आने के बाद यह पहला सम्मेलन है।

### सीरिया के अंतरिम विदेश मंत्री भी होंगे शामिल

सीरिया के अंतरिम विदेश मंत्री असद अल-शिबानी को सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। शिबानी की ये पहली यूरोप की यात्रा होगी। उन्होंने इस सम्मेलन में सीरिया के पश्चिमी देशों के साथ संबंधों को सुधारने और प्रतिबंधों को हटाने की इच्छा जताई, ताकि देश पुनर्निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर सके।

### गृहयुद्ध के बीच अमेरिका ने बढ़ाई सीरिया की चिंता

अमेरिका द्वारा विदेशी सहायता रोकने के फैसले से सीरिया में चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि सीरिया पहले से ही गृहयुद्ध से बर्बाद हो चुका था और वह अमेरिका से सहायता पर निर्भर था। ट्रंप प्रशासन ने यूएसएआईडी कर्मचारियों को काम से हटा दिया, जिससे भुखमरी, शिक्षा और महामारी से लड़ने के मिशन को भी समाप्त किया जा रहा है।



देखा जाए तो सीरियाई नागरिकों ने असद के शासन के खत्म होने का स्वागत किया था, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि यदि नए शासक देश की खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने में असफल होते हैं, तो उनकी सत्ता सीमित हो सकती है।

### सीरिया को चाहिए अरबों डॉलर की सहायता

सीरिया को पुनर्निर्माण के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता है, क्योंकि युद्ध के 14 साल बाद देश की बुनियादी ढांचे की हालत बहुत खराब हो चुकी है। 2017 में संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया था कि सीरिया को पुनर्निर्माण के लिए कम से कम 250 बिलियन डॉलर की जरूरत होगी, लेकिन अब विशेषज्ञों का कहना है कि यह राशि बढ़कर 400 बिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है। अमेरिकी विदेशी सहायता पर रोक के बाद, विशेष रूप से सीरिया के उत्तर-पश्चिम में, जहां युद्ध से विस्थापित लोग तंबू शिविरों में रहते हैं, सहायता की कमी महसूस हो रही है।

### अमेरिकी सैन्य समर्थन पर भी अनिश्चितता

इसके अलावा, सीरिया में अमेरिकी सैन्य समर्थन के भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता है। ट्रंप ने पहले सीरिया से अमेरिकी सैनिकों की वापसी का निर्णय लिया था, और अब नए सीरियाई नेताओं के सत्ता में आने के बाद भी इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य शांतिपूर्ण संक्रमण का समर्थन करना, क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और दंड से मुक्ति के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करना है।

# सुरक्षा सम्मेलन से पहले म्यूनिख में बड़ा सड़क हादसा, ड्राइवर ने भीड़ पर चढ़ाई कार,लगभग 20 लोग घायल

**बर्लिन,13 फरवरी 2025।** जर्मनी के म्यूनिख में होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें 20 से ज्यादा लोगों के घायल होने की संभावना जताई जा रही है। मामले में जर्मनी पुलिस ने बताया कि एक कार ड्राइवर ने एक भीड़ को टक्कर मार दी, जिससे ये बड़ा हादसा हुआ। साथ ही पुलिस ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि ड्राइवर घटनास्थल पर सुरक्षित है। स्थिति जो जानने के बाद पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।




बता दें कि शुक्रवार से म्यूनिख में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच एक बैठक होने वाली है। इससे पहले एक ट्रेड यूनियन की ओर से आयोजित प्रदर्शन के दौरान म्यूनिख सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास दचाउर स्ट्रासे और सीडलस्ट्रासे के क्षेत्र में एक कार ने भीड़ को टक्कर मार दी, जिससे ये बड़ा हादसा हो गया।

### शुरक्षा सम्मेलन के लिए आज म्यूनिख पहुंचेंगे नेता

म्यूनिख में होने वाले सुरक्षा सम्मेलन के लिए शहर में तैयारी तेज है। जहां इस बैठक के लिए अमेरिका के उपराष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की आज म्यूनिख पहुंचने वाले है। इससे पहले इस प्रकार का बड़ा हादसा शहर में सुरक्षा व्यवस्था को अस्त-व्यस्त कर चुका है।

# मारपीट कर व डंडा दिखाकर दो युवक बाइक लूटकर हुए फरार

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

बतौली थाना क्षेत्र के कालीपुर काली घाट के पास 12 फरवरी की शाम को दो युवकों ने दो भाइयों को मारपीट कर व डंडा दिखाकर बाइक लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार श्याम पटेल पिता छोटे लाल पटेल (24) ग्राम मोहनपुर थाना दरिमा का रहने वाला है। वह 12 फरवरी को अपने बड़े भाई दिलीप पटेल के साथ बाइक से बाजार करने बिमड़ा गया था। बाजार कर शाम को दोनों वापस लौट रहे थे। तभी बतौली थाना क्षेत्र के कालीपुर काली घाट के पास दो युवक इनका रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुए रुपए की मांग करने लगे। दोनों हाथ में डंडे रखे थे और मारने की कोशिश कर रहे थे। तभी मांजा गावं का दिनेश नागेश वहां पर आये और श्याम पटेल को बताया कि दोनों युवक ग्राम मांजा का जयपाल गिरी और सुरज है। दिनेश उन लडक़ों को मना किया पर वे नहीं माने। दिनेश के जाने के बाद दोनों युवकों ने श्याम पटेल की बाइक लूटकर फरार हो गए। श्याम पटेल ने मामले की रिपोर्ट बतौली थाना में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शहर के दो टाइल्स दुकान से 2 लाख 95 हजार की चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

शहर के एमजी रोड स्थित दो टाइल्स दुकान का सीट उखाडक़र 2 लाख 95 हजार नकदी चोरी का मामला सामने आया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सुरेश कुमार रॉयल पार्क पटपरिया का रहने वाला है। इसका पंजाब गार्डन के सामने एमजी रोड पटपरिया में टाइल्स की दुकान है। 11 फरवरी की शाम 7 बजे वह दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन 12 फरवरी की सुबह 9.30 बजे दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान का सीट उखड़ा था। चोरों ने दुकान के अंदर घुसकर 1 लाख 20 हजार रुपए नकदी पार कर दिया था। वहीं बगल के दुकान बजाज टाइल्स में भी चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। इस दुकान से चोरों ने नकदी 1 लाख 75 हजार रुपए पार कर दिए है। सुरेश ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाना में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में शहर के बाबूपारा स्थित मांगलिक भवन का ताला तोडक़र चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने बाथरूम का नल,पाइप,बिजली का सामान, ट्यूलाइट,बल्ब व 1 एचपी का टुल्लू पंप चोरी कर ले गए हैं। मांगलिक भवन के केयर टेकर मुक्तिपारा निवासी रमाशंकर रवि ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। घटना 11 फरवरी की शाम 7 बजे से 12 फरवरी की दोपहर 2 बजे की है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# मायके में रह रही महिला ने फांसी लगाकर दी जान,मिलने आया था पति,देर रात उठाया घातक कदम

## पति-पत्नी एक ही कमरे में सो रहे थे...पति मोबाइल पर सुन रहा था गाना और फिर आंख लग गई,इसी बीच पत्नी ने फांसी लगा ली

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।**

मायके में सप्ताह भर से रह रही एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दरअसल महिला का पति सोमवार को उससे मिलने ससुराल आया था। खाना खाने के बाद दोनों एक ही कमरे में सोए हुए थे। पति काफी देर तक मोबाइल में गाना सुनता रहा, फिर उसे भी नींद आ गई। देर रात पत्नी के चिल्लाने की आवाज सुनकर वह जाग गया। उसने देखा कि पत्नी फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी। फिर उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, यहां इलाज के दौरान सुबह उसकी मौत हो गई।

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकालो निवासी आशा चेरवा पति ओमप्रकाश चेरवा 27 वर्ष एक सप्ताह से मायके में ही रह रही थी। 10 फरवरी को पति ससुराल आया था। रात में खाना खाने के बाद पति-पत्नी एक ही कमरे में सो रहे थे।



इस दौरान पति देर रात तक मोबाइल से गाना सुन रहा था। इसके बाद वह भी सो गया। कुछ देर बाद अचानक कमरे में चिल्लाने की आवाज आई। आवाज सुनकर पति की नींद खुल गई। उसने देखा तो पत्नी कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी।

### अस्पताल में तोड़ दिया दम

पत्नी को फंदे से लटका देख पति तत्काल कमरे से बाहर निकला और सास-ससुर को जानकारी दी। इसके बाद महिला को फंदे से उतारकर मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस दौरान उसकी हालत गंभीर हो चुकी थी। यहां इलाज के दौरान 11 फरवरी की सुबह उसकी मौत हो गई।

# नगर पंचायत चुनाव के समापन के बाद भाजपा जुटी जिला व जनपद चुनाव में

## भाजपा अपने समर्थित प्रत्याशियों के प्रचार में भिड़ी, बैकुंठपुर विधायक बेटी को जितवाने के लिए जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 में झोंकी की पूरी ताकत






**वर्तमान विधायक लगातार अब जनपद व जिला पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए जनसंपर्क में भिड़े**

-रवि सिंह-
कोरिया/पटना,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
कोरिया जिले के नवगठित नगर पंचायत पटना में सम्पन्न हुए प्रथम नगरीय निकाय चुनाव के बाद अब भाजपा नेता जिला व जनपद पंचायत के चुनावों में व्यस्त हो चुके हैं,भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के लिए जीत तलाशने जिला जनपद पंचायत के चुनाव में भाजपा नेताओं की सक्रियता काफी तेजी से नजर आ रही है। खुद यदि बैकुंठपुर विधायक की बात की जाए तो वह अपनी बेटी और बहु को जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव में जीत दिलाने भीड़ चुके हैं। वैसे बैकुंठपुर विधायक सभी भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के लिए मेहनत कर रहे हैं लेकिन अपनी बहु और बेटी के लिए भी वह समय निकालकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इसबार काफी रोचक मुकाबला कई जगह देखने को मिल सकता है, कई जगह पार्टी से समर्थित प्रत्याशी के खिलाफ भी भाजपा के ही नेता कार्यकर्ता मैदान में प्रतिद्वंदी हैं जो भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लिए काफी परेशानियों वाला मामला है और ऐसी जगहों पर भाजपा नेता असंमजस में हैं किसका वह प्रचार करें, वह भले ही पार्टी समर्थित प्रत्याशी का ही प्रचार कर रहे हैं लेकिन वह बगावत करने वालों को लेकर भी कुछ कहने से बच रहे हैं। नगर पंचायत पटना का चुनाव भाजपा ने संगठित होकर लड़ा और वहां भाजपा अपनी जीत का दावा कर रही है, विधायक और जिलाध्यक्ष दोनों ने वहां काफी मेहनत किया और किसी भी तरह पटना में भाजपा को जीत दिलाने उनका प्रयास देखा गया अब उसी तरह जिला जनपद के चुनाव में भाजपा नेताओं को संगठित देखा जा रहा है। जिलाध्यक्ष कभी पोड़ी बचरा में बैठक लेकर एकजुटता का जीत का सन्देश दे रहे हैं तो कभी दूरस्थ वनांचल क्षेत्र रामगढ़ में वह अंतिम मतदाता तक पहुंच रहे हैं जिले के। जिलाध्यक्ष और विधायक की मेहनत से लगता है कि कुछ अच्छा परिणाम और नया परिणाम कोरिया जिले के लिए भाजपा के हिसाब से आने वाला है। भाजपा से बैकुंठपुर विधायक दिनरात एक किए हुए हैं नगर पंचायत पटना के ही चुनाव से और लगता है वह इस उम्र में भी जिला जनपद के चुनाव को संपन्न कराकर ही दम लेने वाले हैं। विधायक देर रात तक क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष युवाओं को लेकर भाजपा को मजबूत और त्रिस्तरीय चुनाव में जीत दिलाने के प्रयास में लगे हैं।

# आईटीआई में प्रशिक्षण हेतु डिजिटल सामग्री का किया गया वितरण




-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
सूरजपुर जिला नोडल क्षेत्र आईटीआई सूरजपुर अंतर्गत संचालित सूरजपुर, रामानुजनगर एवं शिवनंदनपुर आईटीआई हेतु कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के द्वारा एस0ई0सी0एल0 विश्रामपुर के सी0एस0आर0 मद से 21 नग सी.पी.यु. 21 नग मॉनिटर, 21 नग कीबोर्ड माउस कुल 21 (एक्कीस कम्प्युटर) सेट आईटीआई में प्रशिक्षण सम्पन्न कराने हेतु नोडल आईटीआई सूरजपुर को प्रदाय किया गया है तथा नोडल आईटीआई सूरजपुर से प्राप्त कम्प्यूटर को आईटीआई रामानुजनगर शिवनंदनपुर एवं सूरजपुर को सात-सात कम्प्यूटर सेट वितरण किया गया।

# कल होने वाले मतगणना और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारी के संबंध में ली गई समीक्षा बैठक

## मतगणना से संबंधित विधि के प्रावधान व आयोग के अद्यतन निर्देश के अनुरूप करें मतगणना कार्यःकलेक्टर



-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
आज कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत 15 फरवरी को होने वाले मतगणना और त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जगन्नाथ वर्मा, नोडल, सभी आरओ/एआरओ, निर्वाचन से संबंधित अधिकारी व पुलिस विभाग से संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में निर्धारित मतगणना स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ 15 फरवरी को होने वाली मतगणना के पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। कलेक्टर ने मतगणना से संबंधित विधि के प्रावधान व प्रक्रिया से संबंधित आयोग के अद्यतन निर्देश के अनुरूप मतगणना कार्य करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया की स्थानीय निर्वाचन में प्रत्याशियों के बीच हार व जीत का अंतर बहुत कम रहता है इसलिए आवश्यक की मतगणना कार्य में प्रत्येक स्तर पर सतर्कता व सावधानी बरती जाए। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना टेबल पर चेकलिस्ट अनुरूप सामग्री व प्रारूप उपलब्ध करवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर भी चर्चा की गई। पंचायत निर्वाचन हेतु निर्धारित समय सारणी अंतर्गत तीनों चरणो के मतदान दिवस को लेकर सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाये इस बात पर विशेष जोर दिया गया है। समीक्षा के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं जैसे भवन, बिजली, पेयजल, शौचालय, रेम्प और मतदान केंद्र तक पहुंच मार्ग की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली गई। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के मतदान व मतगणना दिवस पर पुख्ता बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई। बिजली के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही पंच, संरपंच, जनपद पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के मतपत्रों के संबंध में भी चर्चा की गई । मुद्रणालय में मतपत्रों के मुद्रण के पूर्व प्रूफ रीडिंग पर विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिये गए।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने नोडल, आरो/ एआरो और निर्वाचन से संबंधित अन्य अधिकारियों को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान बेहतर समन्वय स्थापित करने की बात कही। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित निर्वाचन के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। पुलिस पेट्रोलिंग पर विशेष फोकस किया गया है। उन्होंने क्रमवार मतदान केंद्र में लगे बल का विवरण, थाना/चौकी मतदान केन्द्रो की जानकारी, पुलिस राजपत्रित अधिकारियों के कार्यक्षेत्र, थाना पुलिस पेट्रोलिंग, पुलिस नाकाबंदी की जानकारी इत्यादि के संबंध में जानकारी मुहिया कराई।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः डीआईजी/एसएसपी सूरजपुर ने पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के प्रभारियों की ली बैठक

## शिकायत या समस्या पर रिस्पांश टाईम में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को पहुंचने का दिया निर्देश



-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने गुरूवार, 13 फरवरी 2025 को जिला पुलिस कार्यालय के सभागार में सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारी, थाना-चौकी प्रभारी व पंचायत चुनाव के दौरान लगाए गए सभी पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान जिले में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी की तैनाती किस प्रकार की गई है, संख्याबल क्या है, पेट्रोलिंग कितने मतदान केन्द्रों को कंवर करेंगी, रूटचार्ट क्या है उसे मैप और पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक बताया और कुशलतापूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूर्ण सावधानी के साथ मतदान दल को मतदान केन्द्र तक पहुंचाए और मतदान उपरान्त सुरक्षित वापसी कराये, चुनाव के दौरान वायरलेस सेट के माध्यम से पुलिस कन्ट्रोल रूम के सम्पर्क रहे और सजगता के साथ नियमित रूप से मतदान केन्द्रों का जायजा लेते रहे, किसी प्रकार की शिकायत या समस्या होने पर रिस्पांश टाईम में मौके पर पहुंचे और जरूरी कदम उठाए और व्यवस्था का सुचारू बनाए रखे। उन्होंने थाना प्रभारियों को कहा कि मतदान केन्द्र में लगा पुलिस बल को ड्यूटी के दौरान मतदान केन्द्र पर क्या करें, क्या न करें उसके बारे अवगत कराए और जिले में शांतीपूर्ण तरीके से मतदान कराने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। जिले में अंतरर्राज्जीय, सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में 12 स्थापित नाकों पर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर रहे तथा संदिग्ध व वाहनों की दुरुस्त चेकिंग की जाए ताकि किसी प्रकार से अवैध वस्तुओं की तस्करी न हो सके। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा,एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी,एसडीओपी प्रतापपुर सौरभ उईके,एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी,डीएसपी अजाक पीडी कुजूर,एसडीओपी सूरजपुर अभिषेक पैंकरा,डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप,डीएसपी रितेश चौधरी,अनूप एक्का,जिले के थाना-चौकी प्रभारी, जिला पुलिस कार्यालय के अधिकारी व सभी पेट्रोलिंग पार्टी के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# आईटीआई भटगांव में मेहमान प्रवक्ता के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित

-संवाददाता-
सुरजपुर,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
प्रशिक्षण सत्र 2024 -25 के लिए नोडल क्षेत्र सूरजपुर अंतर्गत संचालित आईटीआई भटगांव में प्रशिक्षण अधिकारी के विरूद्ध रिक्त पद हेतु एक वर्ष के लिए गणित / ड्राईंग एवं कोपा विषय में 01-01 मेहमान प्रवक्ता के रूप में कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 27 फरवरी 2025 है । आवेदन संबंधित जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

# नगर निकाए चुनाव के समाप्त होते ही चौपाटी को गढ़कलेवा में किया गया स्थानांतरित




-संवाददाता-
कोरबा,13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।
घंटाघर स्थित ओपन थिएटर क्षेत्र में खोमचा कारोबार को संचालित करने की जिद्द कर रहे व्यवसायियों को आखिरकार गढक़लेवा में जाना पड़ा। निगम के दबाव पर उन्हें गढक़लेवा में भेज दिया गया है। संतुष्टि के लिए प्रवेश द्वार पर चौपाटी लिख दिया गया है ताकि संदेह दूर हो सके। निगम का कहना है कि जिस उद्देश्य से गढक़लेवा बनाया गया और उस पर कई प्रकार के सुधार कार्य कराए गए ऐसे में उपयोगिता तय होना चाहिए। बेमन से नई जगह पर पहुंचे कारोबारियों ने फिर दोहराया कि व्यवसाय की स्थिति देखेंगे और अच्छे नतीजे नहीं आने पर फिर पुरानी जगह पर आएंगे। फास्ट फूड से लेकर कई प्रकार के खानपान की चीजों पर आधारित खोमचा कारोबार से जुड़े हुए लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है, जो कोरबा के ओपन थिएटर क्षेत्र में लंबे समय से अपनी दुकान लगाते रहे हैं। लगातार इनकी संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। इनसे अलग हटकर इतनी ही संख्या में ऐसे कारोबारी के महानदी कंपलेक्स,

निहारिका,कोसाबाड़ी,ट्रांसपोर्ट नगर, सीएसईबी चौक, ओवर ब्रिज अग्रसेन रोड से लेकर सीतामढ़ी तक अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं। इसके माध्यम से उन्हें इतनी आमदनी हो जा रही है जिसके जरिए अपने परिवार की जीविका को आसानी सक्षम और समर्थ हो पा रहे हैं। ओपन थिएटर क्षेत्र को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सुरक्षित किया गया है और इस प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। आए दिन यहां पर राजनीतिक सभाओं से लेकर विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रम होते हैं। इस वजह से सभा स्थल के आसपास खोमचा कारोबार करने लोगों को हटाना पड़ता है। इस पर भी उनकी नाराजगी स्वाभाविक रूप से सामने आती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका निगम ने पिछले वर्षों में लगभग 20 लाख रुपए खर्च कर नजदीक में ही गढ़ कलेवा को विकसित किया।

हालांकि कुछ महीने तक ही इस स्थान पर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ दूसरे कारोबार चल सके। चोरी चकारी के काम में लगे तत्वों की गतिविधियों से यहां का काफी सामान चोरी हो गया और इसी बहाने के साथ कारोबार करने वाले लोग एक बार फिर से ओपन थिएटर में जम गए। लंबे समय तक इन्हें राहत मिली लेकिन निगम ने आखिरकार पुराने गढ़ कलेवा को ही चौपाटी के नए नाम से संचालित करने की नीति बनाई और इस पर क्रियान्वयन करना सुनिश्चित किया। इस जगह पर ग्राहक नहीं आने और व्यवसाय नहीं होने की बात करते हुए कारोबारी ने दबाव बनाया और लंबे समय तक राहत प्राप्त कर ली। लेकिन व्यवस्था होने के बाद निगम ने नई जगह पर कारोबारी की शिफ्टिंग आखिरकार कर दी है। ऐसे लोगों को मौके पर जगह दी गई है और कहा गया है कि अब उन्हें यहां पर ही अपना काम करना होगा। आज सुबह से ऐसे कारोबारी को यहां पर अपने ठिकाने ले जाते हुए देखा गया। उनका कहना है कि जो व्यवस्था दी गई है उसके हिसाब से काम तो करना ही होगा।

चौपाटी संगठन के एक प्रतिनिधि ने मीडिया को बताया कि वे कम से कम एक महीने यहां पर अपने लोगों के साथ काम करेंगे। इस दौरान देखा जाएगा की पुरानी और नई जगह में किस प्रकार का अंतर है। ग्राहकों के आने और व्यवसाय की आर्थिक स्थिति के आधार पर चीजों का विश्लेषण किया जाएगा। सब कुछ अनुकूल रहा तो कोई बात नहीं लेकिन दूसरे हालत में उन्हें पुरानी जगह पर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। दूसरी और नगर पालिका निगम की ओर से साफ तौर पर कह दिया गया है कि जो ढांचा का व्यवस्था नवीन जगह पर की गई है उसके अपने मायने हैं और यहां पर कारोबार संचालन हमारी प्रतिबद्धता है। इस बारे में किसी प्रकार के दूसरे विकल्प अपनाने और समझौते करने की जरूरत नहीं है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक किरण अग्रवाल पत्नी प्रयागराज अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 1711/12 रकबा 0.038 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 28/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्राची अग्रवाल पत्नी रवि कुमार कुमार अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ0ग0 खसरा नंबर 1711/3 रकबा 0.038 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा ,रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 28/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)अंबिकापुर,जिला-सरगुजा(छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपा गुप्ता पत्नी दीपक कुमार गुप्ता जाति कलवार निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम फुन्दुरडिहारी तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0 खसरा नंबर 192/282 रकबा 0.010 हे0 भूमि कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा, नक्शा ,रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निधारित सुनवाई तिथि 28/02/2025 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अंबिकापुर

# स्व. अविनाश सिंह गांधी के वयोवृद्ध पिता के खिलाफ किसके इशारे पर एफआईआर ?




### क्या किसी रसूखदार ने आपसी रंजिश के कारण कराया एफआईआर ?

### क्या सत्ता और स्थानीय विधायक के सहयोग से रसूखदार एक बार फिर क्षेत्र को अशांत करने की फिराक में... ?

### खुद को सत्ता पक्ष का करीबी बतलाने वाला फिर करने लगा लोगो के खिलाफ षडयंत्रःसूत्र

-रवि सिंह-
कोरिया, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय बैकुंठपुर शहर में बिल्डर संजय अग्रवाल के खिलाफ उसके गलत कारनामों को लेकर आवाज उठाई गई थी बिल्डर अनेक प्रकार की कानून विरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहता था,उसके द्वारा क्षेत्र का माहौल खराब करके रखा गया था शासकीय जमीनों की लूट खसोट का मामला हो या फिर निजी भू स्वामियों को प्रताड़ित कर उनका जमीन कब्जा करने की बात सभी में बिल्डर को महारत हासिल थी,यही नही कई शासकीय दस्तावेजों में छेड़छाड़ एवं अधिकारियों के फर्जी हस्ताक्षर की घटना भी सामने आई थी जिसे लेकर नागरिक एकता मंच के बैनर तले आवाज उठाई गई थी, बिल्डर तमाम तरह के घटनाओं में भी संलिप्त रहता था नागरिक एकता मंच में एमएलए नगर निवासी अविनाश सिंह उर्फ गांधी नामक युवक भी था जो कि पहले ही उक्त बिल्डर से ठगी का शिकार हो चुका था,कोरोना काल में उस युवक का निधन हो गया इसी बीच बिल्डर को भी कई बार जेल की हवा खानी पड़ी थी,यहां तक कि उसे जिला बदर कर दिया गया था आज भी विभिन्न आपराधिक घटनाओं में शामिल होने के कारण बिल्डर को न्यायालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन उसके बाद भी उसकी आदत में कोई सुधार नही देखी जा रही है, ताजा मामला एमएलए नगर निवासी स्व.अविनाश सिंह गांधी के पिता से जुड़ा है जिसमें उनके खिलाफ एक महिला ने मामला दर्ज कराया है और जैसी जनचर्चा है कि इसके पीछे भी बिल्डर का ही हाथ है बिल्डर के द्वारा पुरानी रंजिशवश इस तरह का कृत्य किया जा रहा है। और एक बार फिर क्षेत्र में शांति का वातावरण निर्मित करने की कोशिश की जा रही है। इस पूरे मामले में कोरिया पुलिस को बारीकी से जांच किये जाने की आवष्यकता है अन्यथा बिल्डर द्वारा सत्ता का दुरूपयोग करते हुए इसी प्रकार का कृत्य किया जाता रहेगा।

#### क्या फिर से बिल्डर को मिलेगा भाजपा में पद...नए जिलाध्यक्ष के लिए चुनौती ?

भाजपा से जुड़ा यह बिल्डर विवादित श्रेणी का है, जिला बदर से लेकर कई बार जेल की यात्रा उसकी छवि का प्रत्यक्ष उदाहरण है, इसके बाद भी वह भाजपा नेताओं और खासकर स्थानीय विधायक के साथ राजनैतिक एवं शासकीय आयोजनों में सक्रिय देखा जाता है,जाहिर सी बात है ऐसे व्यक्तियों को साथ लेकर चलने से छवि खराब होती है। उसके बाद बिल्डर द्वारा खुद को भाजपा की टीम में भी शामिल करने की पूरी कोशीश की जाएगी क्योंकि विधायक भी उससे काफी प्रभावित हैं लेकिन क्या एक विवादित और आए दिन घटनाओं में में शामिल रहने वाले व्यक्ति को जिला भाजपा में पद देकर सुशोभित किया जाएगा या फिर उसे पद से दूर रखा जाएगा यह बात भाजपा के नए जिलाध्यक्ष के लिए भी चुनौती होगी।

#### क्षेत्र को फिर अशांत करने की फिराक में है बिल्डर

बिल्डर द्वारा सत्ता का खुला दुरूपयोग किया जा रहा है,बीते दशहरा के कार्यक्रम में भी विधायक ने उसे पूरी जिम्मेदारी दे रखी थी जिसके कारण कई नेताओं ने कार्यक्रम से दूरी बना रखी थी। बिल्डर खुद को भाजपा का नेता बतलाते फिरता है और स्थानीय विधायक के संपर्क में भी है इसलिए उसके द्वारा एक बार फिर क्षेत्र को अशांत करने की कोशिश की जा रही है।

#### विपक्षी कांग्रेस के नेता भी हुए मूकबधिर

बिल्डर हमेषा से विवादित रहा है कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में तात्कालिक विधायक ने उसके कारनामें पर अंकुष भी लगाया था यहां तक कि उसे जिला बदर कर दिया गया था बाद में प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद बिल्डर ने लीपापोती कराते हुए जिला बदर खत्म करा लिया और फिर स्थानीय विधायक के सह पर अपना चेहरा चमकाने की कोषिष मे लगा हुआ है। बिल्डर द्वारा आए दिन फिर से कहीं ना कहीं घटना कारित की जा रही है या फिर उसके इशारे पर ही इस प्रकार की बाते सामने आ रही है लेकिन इस मामले पर विपक्षी कांग्रेस की चुप्पी समझ से परे है ऐसा अंदेशा है कि बिल्डर द्वारा कांग्रेसी नेताओं को भी मैनेज करके रखा गया है जिससे कि वे गलत होने पर चुप्पी साध रखे हुए है।

#### वयोवृद्ध पिता के खिलाफ दर्ज कराया गया मामला

छग पुलिस की आनलाईन पोर्टल से प्राप्त जानकारी के तहत शिकायतकर्ता ने कहा है कि वह एमएलए नगर में रहती है पोस्ट ग्रेजुएशन की पढाई कर रही हूं,दिनांक 1 फरवरी 2025 को शाम 6 बजकर 20 मिनट पर स्कूटी से अपने घर जा रही थी तभी एमएलए नगर गेट के अंदर जहां पर कुछ दुकाने टूटी हुई है, उसी के सामने मुझे एमएलए नगर मकान नंबर 5 में रहने वाले सुरेन्द्र नाथ सिंह ने रास्ता रोककर मेरे द्वारा की गई शिकायत पर दर्ज प्रकरण को वापिस लेने के लिए बोले मेरे मना करने पर गालियां दी गई और जान से मरवा कर फेकवाने की धमकी दी गई,एवं अभद्र टिप्पणी की गई। शिकायतकर्ता ने कहा है कि तबियत खराब होने के कारण उसके द्वारा सूचना 5 फरवरी 2025 को की गई है। शिकायत पर धारा 126,296,351 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

#### प्रत्यक्षदर्शी पत्रकार भी बिल्डर के संपर्क में...

शिकायत कर्ता महिला ने खुद के साथ घटित घटना में प्रत्यक्षदर्शी के रूप में एक पत्रकार का नाम दर्ज कराया है जो कि एमएलए नगर में ही निवास करता है। मामला इसलिए संदेहास्पद है कि उक्त पत्रकार भी बिल्डर का करीबी है और उसके प्रभाव में रहता है।

#### बिल्डर सत्ता पक्ष से जुड़ा इसलिए हौसले बुलंद

नागरिक एकता मंच के सदस्य रहे स्व.अविनाश सिंह के वयोवृद्ध पिता के खिलाफ मामला दर्ज कराया जाना कई संदेहो को जन्म दे रहा है,यह पूरा मामला पुराने रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है, स्व.अविनाश सिंह के पिता एसईसीएल से सेवानिवृत्त हैं और इस अवस्था मे नहीं हैं कि लड़ाई झगड़ा में शामिल हों। लेकिन बिल्डर के इशारे पर इस प्रकार की बातें सामने आ रही हैं चुकि बिल्डर खुद को भाजपा का बड़ा नेता बताते फिरता है उसे स्थानीय विधायक का भरपूर सहयोग और आशिर्वाद प्राप्त है इसलिए उसके हौसले इस कदर बुलंद है कि वह एक बार इस तरह का वातावरण निर्मित करने का काम करने पर उतारू है। बिल्डर द्वारा विधायक की बहु और बेटी को भी चुनाव में पूरा सहयोग करने की जानकारी मिल रही है।



## बालको हॉस्पिटल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ डायलिसिस यूनिट की शुरुआत

-संवाददाता-
कोरबा, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

बालको हॉस्पिटल में किडनी रोगियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से डायलिसिस यूनिट की शुरुआत की गई है। इस अत्याधुनिक यूनिट की स्थापना से उन मरीजों को सुलभ और उच्च-गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी, जिन्हें नियमित डायलिसिस की आवश्यकता होती है। बालको हॉस्पिटल वर्षों से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। डायलिसिस यूनिट की शुरुआत के साथ,अब किडनी रोगियों को बेहतर इलाज के लिए अन्य शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इस यूनिट में नवीनतम मशीनों और तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे मरीजों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ सुश्री देशनी नायडू, सीईओ वेदांता रिसोर्सेस द्वारा किया गया। इस अवसर पर बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राजेश कुमार के साथ ही अन्य अधाकारी उपस्थित थे। बालको हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक सिन्हा ने बताया कि इस यूनिट की स्थापना से उन मरीजों को विशेष लाभ मिलेगा, जिन्हें क्रोनिक किडनी डिजीज या अन्य किडनी संबंधी समस्याओं के कारण नियमित डायलिसिस की जरूरत होती है। यह यूनिट पूरी तरह से प्रशिक्षित चिकित्सकों, विशेषज्ञों और नर्सिंग स्टाफ से सुसज्जित है, जो मरीजों की हरसंभव देखभाल सुनिश्चित करेंगे। हमारे हॉस्पिटल में पहले से ही कई आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं,और अब डायलिसिस यूनिट शुरू करने से किडनी रोगियों को बड़ा लाभ मिलेगा।

## नगर पंचायत जनकपुर में गणना कार्य के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

-संवाददाता-
एमसीबी, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में रिटर्निंग अधिकारी प्रवीण भगत की अध्यक्षता में जनपद पंचायत भरतपुर के सभा कक्ष में नगर पंचायत जनकपुर के गणना कार्य हेतु गणना पर्यवेक्षक एवं सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। इस प्रक्रिया को छत्तीसगढ़ नगरपालिका इलेक्ट्रॉनिक्स नियम 1994 के नियम 17 के तहत संपन्न किया गया। सभी नियुक्त अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।



इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी प्रवीण भगत ने बताया कि मतगणना चुनावी प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है, जहां प्रत्येक मतपत्र की गणना कर विजयी उम्मीदवार की घोषणा की जाती है। इसे निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न करने के लिए कई सावधानियां बरती जाती हैं। मतगणना केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी, जिससे किसी भी अनियमितता को रोका जा सके। मतगणना शुरू करने से पहले ईवीएम या मतपेटियों की सील की जांच होगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार मतगणना की प्रक्रिया अपनाई जाएगी और प्रत्येक चरण का सख्ती से पालन होगा। प्रत्याशियों या उनके एजेंटों को गणना प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे। हर राउंड की गणना के बाद परिणामों की पुष्टि होगी और यदि किसी स्तर पर संदेह उत्पन्न होता है, तो पुनः गणना की जा सकती है। गणना पूरी होने के बाद अधिकृत अधिकारी द्वारा परिणाम घोषित किए जाएंगे और सभी डेटा निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा। निष्पक्षता बनाए रखने के लिए मीडिया को भी जानकारी दी जाएगी और निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या अन्य आधिकारिक प्लेटफार्मों पर रुझान और अंतिम परिणाम साझा किए जाएंगे।

इस बैठक में गणना पर्यवेक्षक के रूप में शासकीय नवीन महाविद्यालय,जनकपुर के सहायक प्राध्यापक श्री अतुल कुमार वर्मा, श्री विनीत कुमार पाण्डेय, श्री ऋषभ कुमार बोरकर, श्री महावीर पैकरा और श्री परमानंद उपस्थित रहे। वहीं,गणना सहायक के रूप में विभिन्न विभागों से अधिकारी नियुक्त किए गए, जिनमें श्री उमेश कुमार द्विवेदी (प्रभारी प्राचार्य, शा.उ.मा.वि. कंजिया), श्री राजकुंवर सिंह (सहायक ग्रेड-02, तहसील भरतपुर),श्री भक्तराज सिंह (प्रधान पाठक, सेजेस जनकपुर),श्री समय कुमार सांधे (ग्रेड-02, शा.उ.मा.वि. कुंवारपुर),श्री बृजेश कुमार पटेल (शिक्षक, मा.शा. बरहोरी), श्री राजेन्द्र प्रसाद दोहरे (सहायक ग्रेड-02, उप कोषालय जनकपुर), श्री राजेंद्र सेन (व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. भरतपुर),श्री जसवंत सिंह (ग्रेड-02, तहसील भरतपुर), श्री पूर्णानंद दुबे (प्रधान पाठक, प्रा.शा. सिंगरौली) और श्री बलराम शर्मा (सहायक ग्रेड-02, तहसील भरतपुर) शामिल रहे।

## चिटफंड कंपनी के जरिए करोड़ों रुपए की ठगी के 2 और डायरेक्टर दिल्ली से गिरफ्तार

» 4 पहले ही जा चुके हैं जेल

» पीएसीएल नामक चिटफंड कंपनी द्वारा वर्ष 2016 में लोगों को कम समय में रकम दोगुना करने का दिया गया था झांसा



-शमरोज खान-
सुरजपुर, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

वर्ष 2016 में चिटफंड कंपनी के जरिए बड़ी संख्या में लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार 2 और डायरेक्टरों को सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व मामले में 4 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कंपनी द्वारा कम समय में रकम दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से रुपए की ठगी की गई थी। इसके शिकार सूरजपुर जिले के काफी संख्या में लोग हुए थे। वर्ष 2016 में पीएसीएल नामक चिटफंड कंपनी खोलकर लोगों को रकम दोगुना करने का झांसा देकर निवेश कराया गया था। लेकिन निवेश की मेच्योरिटी अवधि पूरी होने के बाद लोगों की रकम दोगुना नहीं हुई। इस पर ग्राम केतका निवासी कमल सिंह केराम व ग्राम गंगोटी निवासी रनमेत बाई ने सूरजपुर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

दोनों ही मामले में धारा 420, 120बी, 4, 5, 6 इनामी चिट और धन परिचालन अधिनियम 1978 तथा छग निक्षेपकों के हितों की संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के तहत अपराध दर्ज कर कंपनी के डायरेक्टर निर्मल सिंह भंगू, त्रिलोचन सिंह, सुखदेव सिंह व जोगेन्दर टाइगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस मामले में अन्य आरोपी फरार थे जिनकी तलाश जारी थी।

दिल्ली से 2 और डायरेक्टर गिरफ्तार

खोजबीन के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि कंपनी के 2 और डायरेक्टर दिल्ली में हैं। इस पर टीम ने वहां दबिश देकर दो आरोपी सुब्रत भट्टाचार्य पिता स्व. बिरेश्वर उम्र 64 वर्ष निवासी गुरुग्राम हरियाणा तथा गुरमीत पिता स्व. कुलवंत सिंह उम्र 60 वर्ष निवासी प्रीतमपुरा थाना मौर्या इनक्लेव दिल्ली नॉर्थ वेस्ट को गिरफ्तार कर लिया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई गंगासाय पैंकरा, एएसआई संजय सिंह, मनोज द्विवेदी, नंदलाल सिंह, आरक्षक राजेश्वर सिंह व रविराज पांडेय सक्रिय रहे।

#### राशि डबल करने का देते थे झांसा

पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पीएसीएल कंपनी के डायरेक्टर थे और अन्य डायरेक्टरों के साथ मिलकर निवेशकों को राशि को डबल करने का झांसा देते थे। आरोपियों ने बताया कि सूरजपुर जिले के बड़ी संख्या में निवेशकों को झांसा देकर करोड़ों रुपए निवेश कराकर धोखाधड़ी की हैं।

## हितग्राही 31 मार्च 2025 तक करा सकते है ई-केवाईसी

-संवाददाता-
एमसीबी, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

कार्यालय संचालक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय के द्वारा ÷एक राष्ट एक राशनकार्ड योजनांतर्गत जिले के सभी हितग्राहियों का E-kyc 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये है। वर्तमान में जिले में 361120 हितग्राहियों में 296618 हितग्राहियों का E-kyc की कार्यवाही पूर्ण की गयी है, एवं 77737 हितग्राहियों का E-kyc की कार्यवाही किया जाना शेष है। अतः जिले के समस्त राशनकार्ड हितग्राहियों का E-kyc 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। आपके द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी।

### मतगणना के सम्बंध में अधिकारियों को दी गई महत्वपूर्ण प्रशिक्षण

## नगर पंचायत पटना में रिकार्ड मतदान के बाद अब नजर मतगणना पर

-संवाददाता-
कोरिया/पटना, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगर पंचायत पटना में शांतिपूर्ण और रिकार्ड मतदान संपन्न होने के बाद अब मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। नगरवासियों को मतगणना की बेसब्री से इंतजार है। बता दें 11 फरवरी को मतदान हुआ था और अब 15 फरवरी को मतगणना होगी। इसके पहले मतगणना पर्यवेक्षकों,सहायक अधिकारियों और रनर की नियुक्ति कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, पटना में आयोजित किया गया,जहां स्ट्रांग रूम भी स्थापित किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मतगणना कार्य के लिए 17 गणना पर्यवेक्षक,35 मतगणना सहायक और 20 मतगणना कार्य हेतु रनर कर्मियों की व्यवस्था की गई है।





प्रशिक्षण सत्र के दौरान मॉक ड्रिल का आयोजन कर अधिकारियों को मतगणना की प्रक्रिया को सही ढंग से समझने का अवसर दिया गया। इस दौरान नगर पंचायत पटना के रिटर्निंग ऑफिसर के नेतृत्व में मतगणना से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों व कर्मचारियों को मतगणना के नियमों, प्रक्रियाओं और संभावित चुनौतियों से अवगत कराया गया, जिससे चुनाव परिणाम निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से घोषित किए जा सकें। रिटर्निंग ऑफिसर श्री उमेश पटेल ने सभी कर्मियों को मतगणना के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और कहा कि मतगणना कार्य को पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ संपन्न किया जाए। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को भी पुख्ता किया गया है, ताकि मतगणना प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। मतगणना तिथि को पुलिस व सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है, गौरतलब है कि नगर पंचायत पटना में हाल ही में संपन्न हुए चुनाव में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अब सभी की निगाहें मतगणना प्रक्रिया और इसके परिणामों पर टिकी हुई हैं।

## सोनहत जनपद में मतदान दलों का प्रशिक्षण



-संवाददाता-
कोरिया/पटना, 13 फरवरी 2025 (घटती-घटना)।

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मतदान दलों और पीठासीन अधिकारियों को आज सोनहत के सेजस हायर सेकेंडरी स्कूल।में प्रशिक्षण दिया गया।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व रिटर्निंग अधिकारी (पंचायत) डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने इस प्रशिक्षण स्थल पहुंचकर निरीक्षण किया साथ ही अधिकारियों और कर्मचारियों से इस सम्बंध में जानकारी प्राप्त की तथा जिम्मेदारी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए। बता दें आगामी 17 फरवरी को मतदान होना है। 51 मतदान दलों को चुनाव से संबंधित सामग्री और आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान मतदान अधिकारी एवं पीठासीन अधिकारी 1,2,3, उपस्थित थे। डॉ चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न कक्ष का निरीक्षण किया तथा राज्य निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य करने की समझाइश दी और पारदर्शी तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के बारे में सुझाव भी दिए। इस मौके पर सोनहत एसडीएम श्री राकेश साहू सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डब्ल्यूपीएल 2025 सीजन का आगाज आज से



**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025।** भारत में खेली जाने वाली फ्रेंचाइजी आधारित विमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल के शुरुआती 2 सीजन सफलतापूर्वक होने के बाद अब तीसरे सीजन का आगाज 14 फरवरी से होगा, जिसमें इस बार टूर्नामेंट के मुकाबले देश के 4 शहरों में खेले जाएंगे। डब्ल्यूपीएल में कुल 5 टीमें हिस्सा लेती हैं, जिसमें पहले सीजन में इस टूर्नामेंट की ट्रॉफी को हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम ने उठाया था जबकि दूसरे यानी पिछले सीजन में स्मृति मंधाना की कप्तानी में खेलने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु महिला टीम खिताब जीतने में कामयाब रही थी। इस बार डब्ल्यूपीएल 2025 का पहला मैच जहां 14 फरवरी को होगा तो वहीं फाइनल मुकाबला 15 मार्च को खेला जाएगा।

### देश के चार शहरों में खेले जाएंगे डब्ल्यूपीएल 2025 के मुकाबले

विमेंस प्रीमियर लीग के मुकाबले देश के चार शहरों में खेले जाएंगे जिसमें पहली बार ऐसा होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत जहां वडोदरा से होगी तो वहीं इसके बाद कारवां बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहुंचेगा, जबकि लखनऊ के इकाना स्टेडियम में भी इस बार डब्ल्यूपीएल के मुकाबले खेले जाएंगे। फाइनल मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में होगा। डब्ल्यूपीएल में कुल 5 टीमें खेलती हैं, जिसमें गुजरात जाएंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वारियर्स की टीम शामिल है। लीग स्टेज के दौरान सभी टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ कम से कम 2 मुकाबले खेलने का मौका मिलेगा, जिसमें प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर रहने वाली टीम जहां सीधे फाइनल मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर जाएगी तो वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम के बीच एलिमिनेटर मैच खेला जाएगा।

### डब्ल्यूपीएल 2025 के मैचों का सीधा प्रसारण

डब्ल्यूपीएल 2025 सीजन के मैचों का सीधा प्रसारण फैंस टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। इसके अलावा मुकाबलों की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग डिज्नी प्लस हॉटस्टार एप पर होगी। फैंस अपने स्मार्ट टीवी पर भी डब्ल्यूपीएल के मैचों को देख सकते हैं, जिसमें उन्हें डिज्नी प्लस हॉटस्टार एप पर लॉगिन करना होगा। डब्ल्यूपीएल 2025 में सभी मैचों की शुरुआत इस बार भारतीय समयानुसार शाम 7:30 पर होगी जिसमें टॉस शाम 7 बजे होगा।



## भारतीय महिला टीम प्रो लीग मैचों से पहले घरेलू समर्थन पर निर्भर

**भुवनेश्वर,13 फरवरी 2025।** पिछले साल नवंबर में उल्लेखनीय महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने के बाद, भारतीय टीम 15 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में एफआईएच प्रो लीग मैचों में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। भारत 15 और 16 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, उसके बाद 18 और 19 फरवरी को स्पेन के खिलाफ मुकाबला होगा। टीम 21, 22 फरवरी और 24, 25 फरवरी को क्रमश- विश्व नंबर 4 जर्मनी और विश्व नंबर 1 नीदरलैंड जैसे चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वियों का सामना करेगी। भारत की अगुआई अर्जुन पुरस्कार विजेता सलीमा टेटे कर रही हैं, जबकि उनके साथ डिप्टी नवनीत कौर हैं। सविता, सुशीला चानू, निक्की प्रधान, वंदना कटारिया, उदिता, लालरेमसियामी और शर्मिला देवी जैसी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ दीपिका, सुनिलिता टोप्पो और ज्योति जैसी युवा खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ, भारत के पास एक संतुलित टीम है। भारतीय खिलाड़ी महिला हॉकी इंडिया लीग में अपने हालिया प्रदर्शन के बाद टूर्नामेंट में उतर रही हैं, जिसमें राजगीर में उनकी प्रतिष्ठित महिला एसीटी जीत शामिल है।प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा।



## चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए यशस्वी जायसवाल

**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025।** भारतीय टीम घर पर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप करने के बाद अब 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए दुबई रवाना होगी। टीम इंडिया ने इस अहम टूर्नामेंट के लिए घोषित की गई स्क्वाड में 12 फरवरी को 2 बड़े बदलाव का ऐलान किया जिसमें चोटिल जसप्रीत बुमराह की जगह पर हर्षित राणा को जगह मिली तो वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल की जगह मुख्य टीम का हिस्सा बनाया गया। जायसवाल को बाहर किए जाने का फैसला सभी फैंस के लिए जरूर थोड़ा चौंकाने वाला था, जिसमें उन्हें ट्रेवलिंग रिजर्व प्लेयर्स की लिस्ट में जगह मिली है, ऐसे में अब जायसवाल घरेलू क्रिकेट में मुंबई की टीम के लिए सेमीफाइनल मुकाबला खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

# पाकिस्तान ने जीता ऐतिहासिक मुकाबला



**» बाबर आजम का पीछा नहीं छोड़ रही पनौती...**

**» ये वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने से चूके**

**मुलतान,13 फरवरी 2025।** मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने वो करिश्मा कर दिखाया, जो अब तक कभी टीम ने नहीं किया था। इस जबरदस्त जीत की बदौलत पाकिस्तान ने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इस बीच टीम के पूर्व कप्तान बाबर आजम का पनौती से पीछा नहीं छूट रहा है। बाबर आजम एक वर्ल्ड रिकॉर्ड के काफी करीब थे, लेकिन वे केवल 23 रन बनाकर ही आउट हो गए और अब वे अगले मैच में रन बना भी देंगे तो रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाएंगे।

### बाबर आजम वनडे में 6 हजार रन बनाने के काफी करीब

बाबर आजम वनडे में 6 हजार रन बनाने काफी करीब हैं। कराची में पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में अगर बाबर आजम 33 रन और बना देते तो वे विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर सकते थे। वनडे क्रिकेट में पारियों के लिहाज से देखें तो सबसे तेज 6 हजार रन साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला ने बनाए हैं। उन्होंने साल 2015 में केवल 123 वनडे पारियां खेलकर छह हजार रन बना दिए थे। बाबर आजम अब तक वनडे में 125 मैचों की 122 पारियों में 5990 रन बना चुके हैं। यानी अब अगर बाबर अगले मैच में जरूरी 10 रन बना भी लेते हैं तो हाशिम अमला की बराबरी ही कर पाएंगे, रिकॉर्ड अपने नाम नहीं कर पाएंगे।

### अभी भी बाबर आजम के पास कोहली को पीछे छोड़ने का मौका

बाबर आजम हालांकि विराट कोहली को जरूर पीछे छोड़ सकते हैं। हाशिम अमला के बाद इस लिस्ट में कोहली का ही नाम आता है, जिन्होंने 136 वनडे पारियों में 6 हजार रन बनाए थे। बाबर आजम वैसे तो विराट कोहली से पारियों के हिसाब से काफी आगे हैं, लेकिन जब तक वे 10 और रन बना नहीं लेते, तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता। बाबर आजम के पास मौका है कि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले जब वे न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे के लिए मैदान में उतरेंगे, उसी में 10 रन बना लें, नहीं तो फिर उन्हें कुछ और दिन का इंतजार करना पड़ेगा।

### त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में न्यूजीलैंड से होगा पाकिस्तान का मुकाबला

चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान का पहला मुकाबला न्यूजीलैंड से ही होगा। यानी त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में खेलकर दोनों टीमों को एक दूसरे की मजबूती और कमजोरी पता चल जाएगी। ये मैच कराची में 19 फरवरी को खेला जाएगा। इस बीच अगर पाकिस्तान के रिकॉर्ड की बात की जाए तो मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में टीम ने 350 से ज्यादा रनों के टारगेट का पीछा किया। बाबर आजम का बल्ला तो इस मैच में भी नहीं चला, लेकिन कप्तान मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा ने शतकीय पारी खेलकर अनोखा कारनामा किया। इससे पहले पाकिस्तान ने कभी भी वनडे में इतने बड़े लक्ष्य का पीछा नहीं किया था। इस जीत से पाकिस्तानी टीम में आत्मविश्वास तो आया होगा, लेकिन देखना होगा कि टीम चैंपियंस ट्रॉफी में कैसा प्रदर्शन करती है।



## चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले 3 पाकिस्तानी प्लेयर्स पर गिरी गाज

**मुलतान,13 फरवरी 2025।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तानी टीम ट्राई सीरीज खेल रही है। ट्राई सीरीज में पाकिस्तान ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ ऐतिहासिक 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान ने 353 रनों का वनडे क्रिकेट का अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज किया था। तब कप्तान मोहम्मद रिजवान और सलमान अली आगा ने शतक लगाए और टीम को जीत दिलाई। मैच में ही तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यूज ब्रीट्जके से बहस कर बैठे थे। वहीं सऊद शकील और कामरान गुलाम अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा से उलझे थे। अब इन तीनों प्लेयर्स पर आईसीसी आचार संहिता के स्तर 1 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है।

### अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके से भिड़े थे शाहीन अफरीदी

मैच के 28 वें ओवर में तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी अफ्रीकी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके से भिड़ गए थे। ओवर की पांचवीं गेंद पर शाहीन ने अफ्रीकी बल्लेबाज को कुछ कहा था, जिसके बाद दोनों प्लेयर्स में तगड़ी बहस हुई। फिर ओवर की आखिरी गेंद पर ब्रीट्जके सिंगल लेते समय अफरीदी से टकरा गए थे। तेज गेंदबाज ने उन्हें जानबूझकर रन लेने से रोका, जिसके बाद दोनों में फिर तीखी बहस हुई। यहां तक कि अफरीदी ने उन्हें धक्का भी मारा। अंत में अंपायर्स को आकर बीच-बचाव करना पड़ा। अफरीदी पर आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

### सऊद शकील और कामरान गुलाम पर भी लगा जुर्माना

वहीं एक दूसरी घटना 29वें ओवर में घटी। जब इस ओवर में साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा रन आउट हो गए थे। इसके बाद सऊद शकील और कामरान गुलाम उनके पास जाकर जश्न मनाने लगे। इसके बाद उनके ऊपर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों खिलाड़ियों को आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

# विश्वनाथ,टॉफेल,बोडेन उद्घाटन इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में अंपायरिंग करेंगे

**मुंबई,13 फरवरी 2025।** प्रतिष्ठित अंपायर साइमन टॉफेल और बिली बोडेन सर्वकालिक महान गुंडप्पा विश्वनाथ के साथ मिलकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण में अधिकारी के रूप में काम करेंगे।

टॉफेल की अध्यक्षता में अंपायरों के पैनल में अनुभवी अधिकारी उमेश दुबे और लिंडन एडवर्ड हैनिबल भी शामिल हैं। जी.आर. विश्वनाथ मैच रेफरी के रूप में काम करेंगे। यह प्रतिष्ठित लाइन-अप लीग के दौरान अंपायरिंग के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करेगा।

पांच बार आईसीसी के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ अंपायर रहे टॉफेल अपने त्रुटिहीन निर्णय लेने और खेल में योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। अपनी शानदार सिग्नलिंग शैली के लिए प्रसिद्ध बोडेन क्रिकेट इतिहास में सबसे पहचाने जाने वाले व्यक्तियों में से एक हैं।

साइमन टॉफेल ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, क्रिकेट ने हमें कई अविस्मरणीय पल दिए हैं और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग उन शानदार दिनों को वापस ला रहा है। एक बार फिर मैदान में खड़े होकर सभी समय के कुछ महानतम क्रिकेटरों के मैचों में रेफरी बनना एक बड़ा सम्मान है। प्रशंसक एक बार फिर बेहतरीन एक्शन, सौहार्द और एक ऐसे अनुभव की उम्मीद



कर सकते हैं, जिसे वे संजोकर रख सकें।

भारत के पूर्व कप्तान विश्वनाथ ने कहा इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए मैच रेफरी बनना सम्मान की बात है। यह टूर्नामेंट क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नामों को एक साथ लाता है, और मैं यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक हूं कि इन आइकन को फिर से अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए खेल की भावना को बनाए रखा जाए। खेल के प्रति जुनून कभी कम नहीं होता है, और मैं एक ऐसी लीग का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हूं, जो क्रिकेट के बेहतरीन खिलाड़ियों की विरासत का जश्न मनाती है।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का पहला सीजन, जिसमें दुनिया भर के महान क्रिकेटर भाग लेंगे, 22 फरवरी से 16 मार्च तक नवी मुंबई, वडोदरा और रायपुर में आयोजित किया जाएगा।

इन प्रतिष्ठित हस्तियों के टूर्नामेंट में शामिल होने से, आईएमएल एक भव्य तमाशा बन रहा है, जिसमें खेल के सबसे प्रसिद्ध नाम फिर से एक्शन में आ रहे हैं। प्रशंसक एक अविस्मरणीय क्रिकेट तमाशे की उम्मीद कर सकते हैं जो खेल के सुनहरे युग को फिर से सबके सामने लाएगा।

## रजत पाटीदार आरसीबी के नए कप्तान



**नई दिल्ली,13 फरवरी 2025।** आईपीएल 2025 के लिए आरसीबी को नया कप्तान मिल गया है। अब रजत पाटीदार इस टीम की कमान संभालेंगे। वैसे तो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कभी भी इंडियन प्रीमियर लीग कर खिताब अपने नाम नहीं किया है, लेकिन विराट कोहली की वजह से इस टीम की फैन फॉलोइंग सीएसके और मुंबई इंडियंस को टक्कर देती है। खुद विराट कोहली ने भी रजत के कप्तान बनने पर खुशी जाहिर की और उन्हें शुभकामनाएं भी दी हैं। अब रजत पाटीदार को इस बड़ी और अहम टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी दी गई है। रजत पाटीदार की सबसे बड़ी चुनौती यही होगी कि जो फैन फॉलोइंग इस टीम की है, उसे बरकरार रखा जाए और साथ ही पहली बार खिताब पर भी कब्जा किया जाए। देखना होगा कि वे इस बड़ी परीक्षा से कैसे गुजरते हैं।

# न शोले,न मुगल-ए-आजम,ये है 100 करोड़ कमाने वाली पहली भारतीय फिल्म,बिके थे करोड़ों टिकट

ये फिल्म कोई और नहीं बल्कि बब्बर सुभाष के निर्देशन में बनी डिस्को डांसर थी, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। ये पहली बॉलीवुड फिल्म रही, जिसने यह उपलब्धि हासिल की। ये एक म्यूजिकल ड्रामा थी, जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी और इसने सारे बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।




### मिथुन चक्रवर्ती को दिलाई खास पहचान

इसी के साथ मिथुन चक्रवर्ती को भी एक खास पहचान मिले। डिस्को डांसर के साथ मिथुन ऐसे छाए कि आज भी उन्हें जिमी के रूप से जाना जाता है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे सड़क छाप सिंगर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो डिस्को सुपरस्टार बन जाता है। रिलीज के बाद, डिस्को डांसर ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 6 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की, लेकिन विदेशी कमाई में रिकॉर्ड तोड़ दिए।

### विदेशी कमाई में बनाए रिकॉर्ड

फिल्म ने विदेशी कमाई के मामले में सारी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया, खासकर सोवियत संघ में इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। रिलीज होने पर इसने 1984 में रूस में लगभग 60 मिलियन रूबल (लगभग 94.28 करोड़ रुपये) का कलेक्शन किया। डिस्को डांसर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके 12 करोड़ टिकट्स बिके थे। इसी के साथ डिस्को डांसर की वर्ल्ड वाइड कमाई लगभग 100.68 करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी।

### शोले के रिकॉर्ड भी छोड़ दिए थे पीछे

इससे पहले तक शोले सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार, हेमा मालिनी, जया बच्चन स्टार फिल्म ने दुनिया भर में 35 करोड़ रुपये की कमाई की थी। डिस्को डांसर ने इस आंकड़े से तीन गुना ज्यादा कलेक्शन किया और लगभग एक दशक तक कोई फिल्म इस रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पाई। डिस्को डांसर की बात करें तो इसमें मिथुन चक्रवर्ती के अलावा कल्पना अय्यर, राजेश खन्ना, किम यशपाल और ओम पुरी जैसे कलाकार थे। तब मिथुन बॉलीवुड के नए नवेले एक्टर थे, इसके बावजूद, डिस्को डांसर एक आश्चर्यजनक ब्लॉकबस्टर बनी और इसी के साथ मिथुन की लोकप्रियता भी बढ़ गई।

# प्रोड्यूसर बॉयफ्रेंड ने पीट-पीटकर तोड़ दिया था इस एक्ट्रेस का जबड़ा,जब किसी ने नहीं दिया साथ ऐश्वर्या बनी थीं सहारा



ऐश्वर्या राय बच्चन सिर्फ अपनी एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी हाजिर जवाबी और सभी मुद्दों पर खुलकर अपने विचार रखने के लिए भी जानी जाती हैं। ऐश्वर्या ने हमेशा ही महिलाओं के लिए आवाज बुलंद की है। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार और अन्य मुद्दों के प्रति अपनी राय रखने से वह कभी पीछे नहीं हटीं और हमेशा महिलाओं के हक के लिए डटकर खड़ी रहीं। ऐसे ही ऐश्वर्या राय ने एक बार एक ऐसी एक्ट्रेस का साथ दिया था, जिसके लिए कोई बोलने को तैयार नहीं था। ऐश्वर्या राय ने इस एक्ट्रेस के लिए एक फिल्म तक छोड़ दी थी।

### जब ऐश्वर्या ने एक्ट्रेस के लिए लिया स्टैंड

जी हां, ऐश्वर्या राय ने एक ऐसी एक्ट्रेस के लिए स्टैंड लिया था, जिसका प्रोड्यूसर बॉयफ्रेंड उसे बुरी तरह मारता-पीटता था और उसका शोषण करता था। ऐश्वर्या को जब इस पूरी घटना के बारे में पता चला तो उन्होंने उस प्रोड्यूसर की फिल्म बीच में ही छोड़ दी और साफ कहा था कि वह किसी ऐसे शख्स के साथ काम नहीं कर सकतीं, जो महिलाओं पर अत्याचार करता हो, उन्हें पीटता हो।

### प्रोड्यूसर बॉयफ्रेंड के खिलाफ बोलना एक्ट्रेस को पड़ा महंगा

साल 2018 में ऐश्वर्या ने एक ऐसी एक्ट्रेस का साथ दिया था, जिसे इंडस्ट्री से बाहर कर दिया गया था। उसे कोई काम देने को तैयार नहीं था, क्योंकि उसने अपने एक्स प्रोड्यूसर बॉयफ्रेंड के कारनामों का खुलासा कर दिया था। ये अभिनेत्री कोई और नहीं बल्कि फ्लोरा सैनी हैं। फ्लोरा सैनी ने साल 2018 में बॉलीवुड लाइफ के साथ बातचीत में खुलासा किया था कि उनका एक्स बॉयफ्रेंड उन्हें पीटता था। एक बार तो उसने उन्हें इस कदर पीटा कि उनका जबड़ा ही हिल गया था। इस एक खुलासे के बाद फ्लोरा को इंडस्ट्री ने अलग-थलग कर दिया गया था।

### जब किसी ने नहीं दिया साथ, ऐश्वर्या बनीं सहारा

फ्लोरा सैनी के इस खुलासे के बाद इंडस्ट्री के किसी शख्स ने उन्हें सपोर्ट नहीं किया। उल्टा अभिनेत्री को काम मिलना तक बंद हो गया। तब ऐश्वर्या राय ही थीं, जो फ्लोरा सैनी के साथ खड़ी हुईं और उनका सहारा बनीं। ऐश्वर्या ने फ्लोरा सैनी के प्रोड्यूसर बॉयफ्रेंड की फिल्म छोड़ दी और साफ कह दिया कि वह किसी ऐसे आदमी के साथ काम नहीं करेंगी, जो महिलाओं को पीटता है।

### ऐश्वर्या के एक कदम से फ्लोरा को मिली ताकत

ऐश्वर्या के फिल्म छोड़ने पर फ्लोरा ने कहा था- जब मैंने इस बारे में बात की तो मुझे लगा कि मैंने गलती कर दी है। क्योंकि, कोई भी मुझे काम नहीं दे रहा था। मैं अपने परिवार में इकलौती कमाने वाली हूं और काम ना मिलने से मेरे लिए सर्वाइव करना मुश्किल हो गया था। जब पूरी दुनिया मेरे खिलाफ थी, तब एक ही महिला मेरे साथ खड़ी रही। उन्होंने मेरे लिए फिल्म छोड़ दी तो मेरे अंदर उम्मीद जगी।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर पूजा हत्याकांड पर हाईकोर्ट का सख्त निर्देश



#### 4 महीने के भीतर केस निपटाने कहा

**बिलासपुर,13 फरवरी 2025(ए)।** न्यायधानी के बहुचर्चित डॉ. पूजा चौरसिया हत्याकांड का जल्द पटाक्षेप होने की उम्मीद जगी है। हाई कोर्ट के सिंगल बेंच ने ट्रायल कोर्ट के आग्रह को स्वीकार करते हुए 4 महीने के भीतर केस के निपटारा का निर्देश दिया है।

### चाकूबाजी में एक युवक की मौत,दूसरा गंभीर रूप से घायल



#### पुलिस जांच में जुटी

**जांजगीर-चांपा,13 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शिवरीनारायण मेले में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना घटी। मेले के पहले दिन ही दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

### सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के 5 लोगों की मौत




**रायपुर,13 फरवरी 2025(ए)।** रायपुर में तेज रफ्तार मेटाडोर ने चार लोगों को टक्कर मारी है। यह लोग सड़क किनारे एक ठेले में चाट खा रहे थे। इस घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने आरोपी मेटाडोर ड्राइवर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। यह पूरी घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के भारत माता चौक की है। इसके अलावा प्रदेश में बुधवार की रात हुए अलग-अलग सड़क हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई।

# सीएम साय समेत पूरे मंत्रिमंडल ने संगम में लगाई डुबकी





**प्रयागराज,13 फरवरी 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने पूरे मंत्रिमंडल, सांसद और विधायकों के साथ प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे हैं. सभी संगम में पहुंच चुके हैं. सीएम साय ने सभी के साथ डुबकी लगाई। सभी लोग क्रूज में सवार होकर संगम में पहुंचे।

महाकुंभ में स्नान करने राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट के मंत्री, बीजेपी के विधायक, सांसद और कांग्रेस के 6 विधायक आज प्रयागराज पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा आज छत्तीसगढ़ का मंत्रिमंडल,विधानसभा अध्यक्ष, कांग्रेस के भी विधायक सभी प्रयागराज जा रहे हैं। संगम में स्नान कर सभी पुण्य के भागी बनेंगे। मां गंगा से छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए कामना करेंगे।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने प्रयागराज जाने को लेकर कहा, प्रयागराज की भूमि को वंदन करने जा रहे हैं। नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ वापस आएंगे और नए विश्वास के साथ अपने आस्था को आगे बढ़ाएंगे। मां गंगा से सीएम साहब के लिए उत्तम स्वास्थ्य की कामना करेंगे। छत्तीसगढ़ की जनता से मुख्यमंत्री रात के दो बजे तक मिलते रहते हैं, छत्तीसगढ़ की जनता से उनका मिलना कायम रहे, सीएम की एनर्जी बनी रहे, यही प्रार्थना करेंगे।

#### क्रूज से पहुंचे संगम,मां गंगा से की प्रार्थना

पूरे मंत्रिमंडल और विधायकों ने क्रूज के माध्यम से संगम तक पहुंचकर डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, आज छत्तीसगढ़ का मंत्रिमंडल, विधानसभा अध्यक्ष और कांग्रेस के विधायक भी प्रयागराज पहुंचे हैं। संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित कर मां गंगा से प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की।

### छत्तीसगढ़वासियों की खुशहाली की कामना लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सपत्नीक लगाई त्रिवेणी संगम में डुबकी



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए श्रीरामचरितमानस के अयोध्याकांड की चौपाई 'संगमु सिंहासनु सुठि सोहा। छत्रु अखयबटु मुनि मनु मोहा॥' का जिक्र करते हुए लिखा है कि आज तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी संगम में 3 करोड़ छत्तीसगढ़वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए डुबकी लगाई एवं स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया मुख्यमंत्री साय ने आगे लिखा कि महाकुम्भ सनातन धर्म की दिव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा का महापर्व है, यहां आस्था अमृत बनकर आत्मा को ब्रह्म से जोड़ती है। त्रिवेणी संगम में मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी कौशल्या देवी ने भी भक्ति और आस्था की डुबकी लगाई।

# आयुष्मान योजना में 562 करोड़ के फर्जी बिल

» यूपी-एमपी,हरियाणा और केरल में सबसे ज्यादा मामले

» सरकारी खजाना लूटने में छत्तीसगढ़ के निजी अस्पताल दूसरे नंबर पर




**रायपुर/नई दिल्ली,13 फरवरी 2025(ए)।** मोदी सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा हुआ है। संसद में एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि (राष्ट्रीय धोखाधड़ी विरोधी इकाई) ने प्राइवेट हॉस्पिटल के 562.4 करोड़ रुपये के 2.7 लाख क्लेम फर्जी पाए हैं। राज्य स्वास्थ्य एजेंसियां ??(एसएचए) नियमित डेस्क मेडिकल ऑडिट के साथ-साथ फील्ड ऑडिट भी करती हैं। इसमें कुल 1 हजार 114 अस्पतालों को पैनल से हटा दिया गया है। साथ ही आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत 549 अस्पतालों को सस्पेंड भी किया गया है।राज्यसभा में सरकार से सवाल किया गया, क्या आयुष्मान योजना में प्राइवेट हॉस्पिटल द्वारा फर्जी बिल बनाने के मामले सामने आए हैं? अगर हां तो इसका राज्यवार और अस्पतालवार ब्यौरा क्या है? फर्जी बिल बनाने वाले अस्पतालों पर क्या कार्रवाई की गई है? सरकार इस संबंध में क्या कार्रवाई कर रही है? इसके जवाब में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री की ओर से जानकारी दी गई है।आयुष्मान योजना में फर्जीवाड़े पर सरकार ने क्या बताया?केंद्र सरकार ने बताया कि आयुष्मान योजना सरकार की प्रमुख योजना है। इसके तहत देश की आबादी के आर्थिक रूप से कमजोर निचले 40त्न हिस्से के 12.37 करोड़ परिवारों के करीब 55 करोड़ लाभार्थियों को हर साल 5 लाख रुपये का हेल्थ कवर दिया जाता है। हाल ही में इस योजना में 4.5 करोड़ परिवारों के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना कार्ड के साथ शामिल किया गया है। इस योजना में होने वाली किसी भी तरह की धोखाधड़ी को रोकने और इसका पता लगाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण में राष्ट्रीय धोखाधड़ी विरोधी इकाई का गठन किया गया है। यह धोखाधड़ी से संबंधित मुद्दों की जांच करती है। ह्लस्न ने 6.66 करोड़ दावों में से प्राइवेट हॉस्पिटल के 562.4 करोड़ रुपये के 2.7 लाख क्लेम फर्जी पाए, जिन्हें रिजेक्ट किया गया है।

#### किस राज्य में सामने आए कितने मामले? राज्य/यूटी रुपये (लाख)

असम-48.29 बिहार -726.13 चंडीगढ़ - 4.04 छत्तीसगढ़ - 12,034.28 दादरा और नगर हवेली - 0.98 दमन और दीव प्रतिशत.39 गुजरात -3,158.18 हरियाणा - 4,503.74 हिमाचल प्रदेश -75.65 जम्मू और कश्मीर प्रतिशत,180.21 झारखंड - 878.06 केरल - 3,495.06 लद्दाख - 0.50 मध्य प्रदेश %1,934.11महाराष्ट्र - 0.19मणिपुर-21.62 मेघालय - 237.36मिजोरम-10.20 नागालैंड प्रतिशत 6.72पुडुचेरी-22.79 पंजाब - 2,870.72त्रिपुरा - 60.89उत्तर प्रदेश प्रतिशत 3,902.94उत्तराखंड प्रतिशत,057.39

### पिस्टल से केक काटा फिर ठांय-ठांय

**रायपुर,13 फरवरी 2025(ए)।** किंग विकास ने पिस्टल से जन्मदिन मनाकर रायपुर पुलिस को चुनौती दे दी, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से पिस्टल से पहले केक काटा गया फिर ठांय ठांय फायरिंग करते नजर आ रहे है। जानकारी के मुताबिक बिरगांव के उरकुरा क्षेत्र का वीडियो बताया जा रहा हैं। बताया जा रहा है कि शहर में किंग विकास के 30 गुर्गे एक्टिव है। जो उरकुरा इलाके में मारपीट जैसी वारदात को अंजाम देते आ रहे है। अब देखना होगा कि पुलिस इस किंग विकास के खिलाफ कितनी कड़ी कार्रवाई करती है। बता दें कि प्रदेश में लोकल चुनाव के लिए आचार संहिता लागू है। राज्य चुनाव आयोग के नियमनुसार लाइसेंसी धारी भी पिस्टल का इस्तेमाल नहीं कर सकते।



## निकाय चुनाव में कम मतदान पर गरमाई सियासत

» भूपेश बघेल ने सरकार को घेरा, कहा...परिसीमन की वजह से वोटिंग हुई कम

» अरुण साव बोले- कहीं कोई गड़बड़ी नहीं



**रायपुर,13 फरवरी 2025 (ए)।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान के आंकड़े आ चुके हैं. निकायों में मतदान के प्रतिशत में काफी कमी नजर आई है। मतदान में कमी को लेकर सियासत शुरू हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने जहां बड़े पैमाने पर मतदान होने की बात कही है, वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने परिसीमन को मतदान की कमी का कारण बताया है। मीडिया से चर्चा के दौरान आज भूपेश बघेल ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण हुआ है, लेकिन मतदाताओं को बड़ी तकलीफ हुई। उनके वार्ड का परिसीमन इस प्रकार से किया गया कि एक ही परिवार के लोगों को अलग-अलग बूथ में जाकर मतदान करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का कांग्रेस पार्टी ने विरोध किया था और कोर्ट में याचिकाएं भी लगाई गई थीं, लेकिन याचिकाओं का निराकरण नहीं हुआ, जिसका पूरा असर अब मतदान में नजर आ रहा है। उन्होंने ये भी कहा कि कई जगह ईवीएम खराब हुए,लोगों को इंतजार करना पड़ा। ईवीएम खराबी के चलते भी मतदान कम होने की बात उन्होंने कही है। वहीं भूपेश बघेल के आरोप पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि परिसीमन में कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी की प्रेस वार्ता पर उन्होंने पलटवार भी किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब बजट में किसी वर्ग के लिए कुछ है ही नहीं, तो किस बात का फीडबैक लेने जोशी जी छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं।

उन्होंने कहा कि समय के साथ बजट की असलियत लोग जान गए और निराशा छा गई है।

## बीएसएफ में सूबेदार रहा व्यक्ति निकला रायपुर डकैती का मास्टरमाइंड

» वर्तमान में कर रहा था जमीन दलाली

**रायपुर,13 फरवरी 2025(ए)।** बीएसएफ में सूबेदार रहे व्यक्ति रायपुर डकैती का मास्टरमाइंड निकला। जो वर्तमान में जमीन दलाली कर काम कर रहा था। खुलासे में पुलिस ने बताया कि मनोहरण वेलू ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अनुपम नगर में मकान नंबर डी-14 में किराये के मकान में अपनी बहन प्रेमा वेलू व रंजनी वेलू के साथ रहता है। दिनांक 11.02.2025 को दोपहर लगभग 02:30 से 03:20 बजे के मध्य प्रार्थी अपनी दोनों बहनों के साथ घर में था। प्रार्थी घर के बैठक रूम में बैठा था उसकी बहन रंजनी बगल के कमरे में बैठी थी एवं दूसरे कमरे मे प्रेमा सोई हुई थी। उसी समय दो व्यक्ति फौजी वर्दी में प्रार्थी के घर अंदर आये जो रूमाल से मुंह को ढके थे बोले आपने कोई कम्प्लेन किया है क्या उसी का बातचीत करने आये है। बातचीत के दौरान बाहर से घर अंदर एक अन्य व्यक्ति जो डार्क नीला रंग का पैंट पहना था रूमाल से मुंह को ढका था अंदर आया उसी दौरान एक वर्दी वाला व्यक्ति एवं एक डार्क नीला रंग का पैंट पहना व्यक्ति प्रार्थी के साथ धक्का मुक्की कर उसके हाथ और पैर को पकडकर जमीन में गिरा दिया और दूसरा वर्दी पहना व्यक्ति घर अंदर से सफेद रंग का टावेल लाकर उसके पैर को बांध दिया और बिना वर्दी वाला व्यक्ति अपने साथ लाये सफेद रंग के टेप से उसके हाथ को बांध दिया और मुंह में टेप लगा दिया फिर वर्दी पहने एक व्यक्ति अपने पास रखें पिस्टल को निकाल कर आवाज करोगे तो जान से मार दूंगा बोला और एक आदमी उसके पास वहीं खडा हो गया फिर बाहर से रूमाल से मुंह बांधे एक पुरूष व पीले रंग का सलवार पहनी महिला रूमाल से मुंह ढकी थी अंदर आये और प्रेमा व रंजनी के रूम में चले गये कुछ देर बाद पांचो व्यक्ति घर से चले गये बाहर से दरवाजे की कुण्डी लगा दिये बाहर गाडी की चालू होने की आवाज सुनाई दिया जिससे प्रार्थी को उनके चले जाने का आभास होने पर वह अपने हाथ में बंधे टेप को किसी तरह निकाला फिर मुंह में लगे टेप व पैर में बंधे टावेल को खोला फिर बगल के रूम रंजनी के कमरे में जाकर उसके मुंह व हाथ में लगे टेप को खोला तब रंजनी बताई कि एक व्यक्ति द्वारा पिस्टल से जान से मारने की धमकी देकर मुंह व हाथ में टेप लगाकर उसके बांये भुजा में एक बार इंजेक्शन लगाया है और बेड अंदर से एक गुलाबी रंग के बैग में रखें 60 लाख रूपये एवं काले रंग के बैग में रखें 05 लाख रूपये को ले गया। बहन प्रेमा बताई कि एक व्यक्ति द्वारा मुंह दबाकर जान से मार दूंगा कहकर पिस्टल दिखाकर उसके दाहिना भुजा में दो बार इंजेक्शन लगाया एवं महिला द्वारा उसके गले में पहने सोने की चैन को छीन लिये एवं आलमारी खोलकर उसमें रखें दो नग सोने के चैन व 25000/- रूपये नगद निकाल लिये तथा उसका एवं रंजनी का कुल 03 नग मोबाईल फोन को भी लूट कर गये। चार अज्ञात नकाबपोश पुरूष एवं एक अज्ञात नकाबपोश महिला द्वारा प्रार्थी के घर अंदर प्रवेश कर प्रार्थी व उसकी दोनों बहनों को पिस्टल से जान से मारने की धमकी देकर कुल 65,25,000/- नगदी रकम, तीन नग सोने की चैन करीबन 06 तोला व तीन नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 66,00,000/- रूपये को लूट कर ले गये। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना खम्हारडीह में अपराध क्रमांक 42/25 धारा 310(2), 331(5), 123, 351(3) बी.एन.एस. 25, 27 आर्मस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।



# मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी को भेजा गया जेल




#### चार की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,13 फरवरी 2025 (ए)।**अरबों रुपए के सीजीएमएससी के मेडिकल घोटाला मामले में मोक्षित कॉर्पोरेशन के एमडी को भ्रष्टाचार निवारण स्पेशल कोर्ट ने 24 फरवरी तक जेल भेज दिया है। इसके बाद मामले में आरोपी नंबर 4- रिकार्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम, पंचकूला के तीन सदस्य राजेश गुप्ता, अभिषेक कौशल और नीरज गुप्ता ने अग्रिम जमानत का आवेदन पेश किया था। मामले की सुनवाई बुधवार को हुई जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। एसीबी-ईओडब्ल्यू की एफआईआर में सीजीएमएससी और डीएचएस के अधिकारियों, मोक्षित कॉर्पोरेशन दुर्ग, सीबी कॉर्पोरेशन दुर्ग, रिकॉर्डर्स एंड मेडिकेयर सिस्टम एचएसआईआईडीसी पंचकूला, हरियाणा के साथ श्री शारदा इंडस्ट्रीज, रायपुर एवं अन्य को आरोपी बनाया गया है।

## 108 एम्बुलेंस सेवा संचालकों ने आईटी को सरेंडर किए 30 करोड़ नकद

**रायपुर,13 फरवरी 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ में 108 एंबुलेंस सेवा संचालित करने वाली जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस में बड़े पैमाने पर आयकर चोरी पकड़ी गई है। इनके संचालकों ने चोरी कबूलते हुए 30 करोड़ रूपए सरेंडर किया है। आयकर टीम ने बुधवार को अवंति विहार सेक्टर-2 स्थित ग्लोबल टावर की दूसरी मंजिल पर स्थित 108 के ऑफिस के अलावा संचालकों के घर को घेरा था । कंपनी के तीन निदेशकों/संचालक हैं। कार्रवाई के दौरान इनमें से केवल दो जोगेंद्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह ही मिले तीसरे निदेशक अमरेंद्र सिंह नहीं थे। आयकर अफसर दोपहर करीब 12-1 बजे कंपनी के अधिकारी पहुंचे और विभिन्न दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की गहन जांच (सर्वे )शुरू की। सूत्रों ने बताया कि कंपनी ने कर चोरी स्वीकारते हुए करीब 30 करोड़ रूपए सरेंडर किए हैं।




## अप्राकृतिक संबंध बनाने से पत्नी की हो गई मौत

» हाईकोर्ट ने कहा- ये अपराध नहीं...

» अप्राकृतिक यौन संबंध को बलात्कार नहीं माना जा सकता है...

» कोर्ट ने धारा 377 और 376 के तहत मुकदमा चलाने को गैरकानूनी माना...

» कोर्ट ने धारा 304 आईपीसी के तहत दोषी ठहराए जाने को विकृत और अवैध माना...



**बिलासपुर,13 फरवरी 2025 (ए)।** हाईकोर्ट ने एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए कहा है कि पति पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत बलात्कार या धारा 377 के तहत अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के लिए मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है, भले ही वह अपनी वयस्क पत्नी की सहमति के बिना उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता हो।न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार व्यास की एकल पीठ ने ऐसे मामलों में पत्नी की सहमति को कानूनी रूप से महत्वहीन बताते हुए कहा, कि यदि पत्नी 15 वर्ष से कम आयु की नहीं है, तो पति द्वारा अपनी पत्नी के साथ किए गए किसी भी यौन संबंध या यौन कृत्य को इन परिस्थितियों में बलात्कार नहीं कहा जा सकता है। इसलिए अपीलकर्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और 377 के तहत अपराध नहीं बनता है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)